रोहतक
बुधवार 7 अक्टूबर 2026
अश्विन मास कृष्ण पक्ष,
द्वादशी वर्ष : 30, अंक : 244
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 38.1°C
न्यून. 20.0°C

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



7 'आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ' शेफाली-चरणी नॉमिनेट



ट्रांसफर-पोस्टिंग व सरकारी ठेकों में भ्रष्टाचार का आरोप

भगवंत मान के ऑफिस पर सीबीआई का छापा

- मोहाली, गुरदासपुर, लुधियाना सहित आठ जगहों पर एजेंसी ने दी दबिश
- हाईकोर्ट के आदेश पर हो रही कार्रवाई लैपटॉप, मोबाइल व दस्तावेज जब्त

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के चंडीगढ़ स्थित कैंप ऑफिस में मंगलवार शाम छापा मारा। सीबीआई की टीमें चंडीगढ़ के अलावा मोहाली, गुरदासपुर, लुधियाना, पटियाला, संगरूर और जालंधर में 8 जगहों पर करीब 6 घंटे तक जांच की। एजेंसी ने लैपटॉप और कई दस्तावेज जब्त किए। यह कार्रवाई पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश के बाद की गई है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सीएम आफिस में ट्रांसफर-पोस्टिंग और करप्शन के आरोप लगाए थे। मामला हाईकोर्ट पहुंचा और 5 अक्टूबर को हाईकोर्ट ने सीएम के ओएसडी राजबीर सिंह घुम्मन के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और सीबीआई जांच का आदेश दिया। पंजाब सरकार इस मामले की तत्काल सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंची लेकिन कोर्ट ने यह मांग खारिज कर दी।



ऐसे समझें पूरा मामला

ईडी ने जीडीपी को लिखा पत्र
जुलाई-अगस्त 2026 में ईडी ने पंजाब डीजीपी गौरव यादव को 3 चिट्ठियां भेजकर सीएम ऑफिस से जुड़े कथित भ्रष्टाचार पर एफआईआर की मांग की। जिसमें ट्रांसफर-पोस्टिंग, नीतिगत फैसलों, टेंडर, सीएलयू और अन्य सरकारी मंजूरियों में कथित दखल के आरोप लगे।



सबूत के तौर पर चैट का दावा
ईडी ने व्हाट्सएप चैट और दूसरे डिजिटल सबूत मिलने का दावा किया। इनमें ट्रांसफर-पोस्टिंग, पॉलिसी फैसलों, टेंडर और सरकारी दस्तावेजों तक कथित पहुंच से जुड़ी बातचीत का जिक्र है।

कैश मिलने की बात
ईडी की जांच के दौरान नितिन गोहल समेत कुछ लोगों से जुड़े ठिकानों पर तलाशी में दस्तावेज और डिजिटल सामग्री मिलने की बात सामने आई। ईडी ने गोहल से 20.98 लाख रुपये नकद बरामद होने का भी दावा किया है।

जमीन-रियल एस्टेट एंगल
मामला ग्रेटर मोहाली एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी की जमीन, सीएलयू, प्रॉपर्टी लेन-देन और रियल एस्टेट से जुड़े कथित अनियमितताओं की मनी लॉन्ड्रिंग जांच से निकला। ईडी ने सरकारी मंजूरियों और जमीन से जुड़े मामलों में कथित प्रभाव का आरोप लगाया।

हाईकोर्ट ने सौंपी जांच
5 अक्टूबर को पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने कहा कि ईडी की ओर से दी गई डिटेल्स अपराध की ओर इशारा करती है। कोर्ट ने सीबीआई को एफआईआर दर्ज कर जांच करने और दो महीने में स्टेटस रिपोर्ट देने का आदेश दिया।

एफआईआर में सीएम के ओएसडी समेत 6 नामजद
सीबीआई ने 6 नामजद और कई अज्ञात लोगों के खिलाफ भ्रष्टाचार का केस दर्ज किया है। इनमें सीएम के ओएसडी राजबीर घुम्मन के अलावा नितिन गोहल, जितिन गोहल उर्फ राजा, रोमी राजा महाजन, बीर देविंदर और आरएस नागरा के नाम शामिल हैं।

भाजपा ने चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है : भगवंत मान
सीबीआई के छापे पर मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि भाजपा ने पंजाब में चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। हमें बदनाम करने के लिए सीबीआई और ईडी का इस्तेमाल किया जाएगा। भाजपा पंजाब में मेरी सरकार को निशाना बना रही है।

सोनीपत : वारदात में खुलासा

लव मैरिज के लिए बॉयफ्रेंड संग मिलकर की मां की हत्या

सोनीपत (हरिभूमि न्यूज)। सेक्टर-15 में बेटी के प्रेम विवाह से इनकार करना 42 वर्षीय रामेश्वरी के लिए जानलेवा साबित हुआ। पुलिस के अनुसार बेटी जानवी ने अपने प्रेमी मुकीनपुर निवासी विशाल के साथ मिलकर मां की हत्या की साजिश रची। आरोपित ने 3 अक्टूबर की सुबह कमरे में सो रही रामेश्वरी का मुंह और गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद हत्या को करंट लगने से हुई मौत दिखाने के लिए उसके बाएं हाथ पर बिजली का करंट लगाया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने पूरे घटनाक्रम की पोल खोल दी। पुलिस ने विशाल को गिरफ्तार कर अदालत से दो दिन के रिमांड पर लिया है। मामले में जानवी की भूमिका की भी जांच की जा रही है।



सोते समय मुंह और गला दबाकर मारा हाथ पर बिजली का करंट लगाया

ज्ञानेश कुमार से मिलने की मांग पर 8 घंटे बैठे रहे

धरने पर बैठे राहुल-प्रियंका को हिरासत में लिया, 2 घंटे बाद छोड़ा

नई दिल्ली (एजेंसी)। मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे राहुल और प्रियंका गांधी को दिल्ली पुलिस ने मंगलवार रात 8 बजे हिरासत में लिया और 10 बजे रिहा कर दिया। पुलिस ने राहुल समेत करीब 250 लोगों को आकाशवाणी परिसर से हिरासत में लिया था। राहुल दोपहर 12.30 बजे से सीईसी ज्ञानेश कुमार से मिलने की मांग को लेकर धरने पर बैठे थे। करीब 8 घंटे बाद चुनाव आयोग ने देर शाम कहा कि राहुल या उनके प्रतिनिधियों ने सीईसी से मिलने के लिए अपॉइंटमेंट नहीं मांगा था। इसके बाद पुलिस ने सभी को हिरासत में ले लिया था। राहुल की अगुआई में सुबह 10 बजे संसद से 19 विपक्षी दलों का 'सेव डेमोक्रेसी मार्च' शुरू हुआ था। पुलिस ने आकाशवाणी भवन के पास यह मार्च रोक दिया।

19 पार्टियों ने निकला मार्च, पुलिस ने रोका



संविधान हमें प्रदर्शन करने का अधिकार देता है : राहुल
राहुल गांधी ने कहा, आकाशवाणी भवन परिसर में प्रदर्शन जारी रहेगा। अगर दिल्ली पुलिस को यहा प्रदर्शन से असुविधा है तो पुलिस उन्हें दूसरी जगह उपलब्ध करा सकती है। संविधान हमें प्रदर्शन करने का अधिकार देता है। वहीं, विरोध प्रदर्शन के दौरान इंडियन यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने कहा, दिल्ली पुलिस लोकतंत्र के हत्यारों को बचाने की कोशिश कर रही है। हालात ऐसे हैं। जो लोग शांतिपूर्ण विरोध कर रहे हैं, उन्हें उठाकर ले जाया जा रहा है।

शिवसेना चुनाव चिह्न विवाद पर सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट बोला, दलबदल संवैधानिक पाप के समान

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को शिवसेना के चुनाव चिह्न विवाद पर सुनवाई हुई। इस दौरान सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत की बेंच ने एक बड़ा सवाल उठाया। कोर्ट ने पूछा कि क्या उन लोगों को पार्टी का निशान दिया जा सकता है जिन्होंने 'दल-बदल' जैसा संवैधानिक पाप किया है? कोर्ट यह जानना चाहता है कि क्या सिर्फ विधायकों की संख्या को ही एकमात्र पैमाना मानना सही है, जबकि उन विधायकों के खिलाफ अयोग्यता की कार्रवाई कोर्ट में चल रही हो। सुप्रीम कोर्ट ने पहले भी पूछा था कि चुनाव आयोग दोनों गुटों को धनुष-बाण निशान देने से इनकार क्यों नहीं किया था। शिंदे गुट ने कहा कि विधायी बहुमत के आधार पर फैसला कानूनन सही है।



चुनाव आयोग दोनों को अलग-अलग निशान दे सकता था

एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित होंगे नए वायुसेना प्रमुख

31 अक्टूबर को संभालेंगे कार्यभार

नई दिल्ली (एजेंसी)। आशुतोष दीक्षित वायुसेना के नए प्रमुख होंगे। वह 31 अक्टूबर को एयर चीफ मार्शल का कार्यभार ग्रहण करेंगे। वह अभी वाइस एयर चीफ मार्शल हैं। उन्होंने 1 जुलाई 2026 को यह पदभार संभाला था। आशुतोष दीक्षित कारगिल जंग में भी शामिल थे। उन्होंने फाइटर जेट से घुसपैठियों पर बम गिराए थे। वह 20 तरह की लड़ाकू विमान उड़ाने में माहिर हैं। आशुतोष दीक्षित एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह की जगह लेंगे। एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह 30 सितंबर 2024 को वायुसेना प्रमुख बने थे। वह 31 अक्टूबर को रिटायर्ड हो रहे हैं। वह ऑपरेशनल फाइटर स्क्वाड्रन और फ्रंटलाइन एयर बेस की कमान भी संभाल चुके हैं।



कार्यकाल 2028 तक 20 तरह के लड़ाकू जहाज उड़ाने में माहिर

13 लोगों को उतारा था मौत के घाट

जिहादी अमेरिकी सैनिक को मारी जाएगी गोली

टेक्सास (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिहादी पूर्व अमेरिकी सैनिक निदाल हसन को गोली मारकर मौत की सजा देने का आदेश दिया है। अगर हसन की सजा लागू होती है तो वह 1961 के बाद अमेरिकी सैन्य न्याय व्यवस्था के तहत मौत की सजा पाने वाला पहला व्यक्ति होगा। सैन्य व्यवस्था में आखिरी बार प्राइवेट जॉन ए. बेनेट को मौत की सजा दी गई थी। हसन ने 2009 में टेक्सास के सैन्य अड्डे पर धार्मिक नारा लगाते हुए गोलीबारी की थी, जिसमें 13 लोगों की मौत हो गई थी। 5 नवंबर 2009 को सेना के मनोचिकित्सक मेजर निदाल हसन निजी पिस्तौल लेकर फोर्ट हुड सैन्य अड्डे पहुंचा और सैनिकों व अन्य लोगों पर अचानक गोलीबारी कर दी।



65 साल में ऐसा पहला मामला, 2009 में टेक्सास में वारदात

बीसीसीआई मीटिंग के बाद फैसला

हरमनप्रीत ने छोड़ी महिला क्रिकेट टीम की कप्तानी

नई दिल्ली (एजेंसी)। हरमनप्रीत कौर ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की तीनों फॉर्मेट की कप्तानी छोड़ दी है। उन्होंने मंगलवार को इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी। यह फैसला एक दिन पहले गुवाहाटी में हुई बीसीसीआई की मीटिंग के बाद आया है। बैठक में हरमनप्रीत, उपकप्तान स्मृति मंधाना और कोच अमोल मजूमदार शामिल हुए थे। टीम के भविष्य और कप्तानी को लेकर भी चर्चा हुई। हरमनप्रीत के बाद स्मृति मंधाना को अगला कप्तान बनाया जा सकता है। 37 साल की हरमनप्रीत के नाम कई रिकॉर्ड हैं। *(विस्तृत खेल पेज पर)*



उनकी अगुवाई में भारत ने पहली बार महिला वर्ल्ड कप जीता

गुजरात में भीषण हादसा

सड़क पर खड़े ट्रेलर में घुसी कार, 7 की मौत

नई दिल्ली (एजेंसी)। गुजरात के भावनगर-सोमनाथ नेशनल हाईवे पर मंगलवार को भीषण सड़क हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई। हादसा शिव शक्ति होटल के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार बोलेरो एसयूवी सड़क किनारे खड़े ट्रेलर के पीछे जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि भारी-भरकम ट्रेलर तक के अगले पहिए टूटकर अलग हो गए थे। मृतकों की पहचान विजयभाई चंदुभाई वोरा, पीयूषभाई बिपिनचंद्र शाह, प्रितेशभाई बिपिनचंद्र भयाणी, भार्गवभाई गोसाई, हिरेनभाई मेहता और योगेशभाई शाह और जयेशभाई हिम्मतभाई वसानी के रूप में हुई है।



■ तेज टक्कर से ट्रेलर के पहिए अलग हुए

एसीपी को फंसाने के लिए एआई से अश्लील वीडियो बनाने वाला काबू

पलवल का रहने वाला नदीम चलाता है यूट्यूब चैनल

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में जंतर-मंतर पर महिला प्रदर्शनकारियों को आपत्तिजनक तरीके से छूने के दिल्ली पुलिस के एसीपी पर लग रहे आरोपों में बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस ने पलवल के रहने वाले 24 वर्षीय नदीम अहमद को गिरफ्तार किया है, जो दिल्ली पुलिस के खिलाफ लोगों को भड़काने के लिए एआई की मदद से फर्जी वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम और फेसबुक पर रील बनाकर फैला रहा था। नदीम जो खुद 10वीं फेल है, लेकिन खुद को स्वतंत्र पत्रकार बताता है और ' न्यूज आईना' के नाम से यूट्यूब चैनल चलाता है। वहीं, दूसरी ओर एसीपी विवेक भगत को एडिशनल डीसीपी का चार्ज देने पर दिल्ली सरकार ने रोक लगा दी है।



चैनल की पड़ताल से मिली जानकारी
दिल्ली पुलिस के अधिकारी ने न्यूज एजेंसी एएनआई को बताया कि उनकी 'सोशल मीडिया यूनिट ने जब देखा कि एक वर्दीधारी पुलिसकर्मी को एक महिला के साथ गलत बर्ताव करते दिखाया जा रहा है, तब चैनल की पड़ताल की और नदीम अहमद के बारे में पता चला।' उन्होंने कहा कि 'हमने तुरंत संज्ञान लेकर इसको गिरफ्तार कर लिया है। इसके सोर्स ऑफ फंडिंग की भी जांच होगी।'

वैदबाण आयुर्वेदिक के ऐम.डी. सुभाष गोयल ने की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से मुलाकात, होम रैमिडीज़ पर हुई चर्चा



राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू जी वैदबाण आयुर्वेदिक के ऐम. डी. सुभाष गोयल को राष्ट्रपति भवन, दिल्ली में बुलाकर सम्मानित करते हुए



सुभाष गोयल इन दिनों XN-PRASH च्यवनप्राश को लेकर चर्चा में है। इसी के चलते वैदबाण आयुर्वेदिक के ऐम. डी. सुभाष गोयल तथा उनकी बेटी डा. मिशेल गोयल को परिवार सहित राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से मुलाकात के लिए दिल्ली राष्ट्रपति भवन में बुलाया गया, इस दौरान भारतीय रसोई, स्वस्थ जीवनशैली व घरेलू रैमिडीज़ पर विस्तार से बात-चीत की।

सम्मान फ्रांसिस हाल्जेन की खोज से ब्रह्मांड को समझने में मदद मिली

अंतरिक्ष से आने वाले रहस्यमयी कणों को पकड़ने का तरीका खोजने वाले वैज्ञानिक को फिजिक्स का नोबेल

स्टॉकहोम (एजेंसी)। बेल्जियम के वैज्ञानिक फ्रांसिस हाल्जेन को 2026 का भौतिकी का नोबेल पुरस्कार मिला है। उन्हें यह पुरस्कार अंतरिक्ष से धरती तक आने वाले बेहद ताकतवर न्यूट्रिनो को पकड़ने और उनके बारे में पता लगाने में अहम काम के लिए दिया गया है। उन्होंने दक्षिणी ध्रुव की बर्फ में न्यूट्रिनो पकड़ने वाली आइसक्यूब ऑब्जर्वेटरी बनाने का विचार दिया था। नोबेल पुरस्कार के विजेताओं को दिसंबर में स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में सम्मानित किया जाएगा। उन्हें मेडल, डिप्लोमा और पुरस्कार राशि दी जाएगी। 2026 में नोबेल पुरस्कार की राशि करीब 11.5 करोड़ रुपये है।



दक्षिणी ध्रुव की बर्फ में न्यूट्रिनो पकड़ने वाली आइसक्यूब ऑब्जर्वेटरी बनाने का विचार दिया
■ दिसंबर में स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में सम्मानित किया जाएगा

अरबों न्यूट्रिनो हर सेकंड गुजरते
न्यूट्रिनो बहुत छोटे कण हैं, जो सूरज, तारों और अंतरिक्ष की बेहद ताकतवर घटनाओं से निकलते हैं। अरबों न्यूट्रिनो हर सेकंड हमारे शरीर और धरती के आर-पार निकल जाते हैं, लेकिन हमें उनका पता तक नहीं चलता। इन कणों की खास बात यह है कि वे अंतरिक्ष से निकलकर लगभग सीधी दिशा में धरती तक पहुंचते हैं और रास्ते में बहुत कम बदलते हैं। इसलिए अगर वैज्ञानिक इन्हें पकड़ लें, तो वे पता लगा सकते हैं कि ये ब्रह्मांड में कहां और किस घटना से निकले थे। लेकिन न्यूट्रिनो को पकड़ना आसान नहीं है। वे ज्यादातर पदार्थों को बिना टकराए पार कर जाते हैं। इसी समस्या का हल खोजते हुए वैज्ञानिक फ्रांसिस हैल्जेन ने 1988 में दक्षिणी ध्रुव की बर्फ का इस्तेमाल करने का विचार दिया।

2011 में आइसक्यूब न्यूट्रिनो ऑब्जर्वेटरी बनी
इसी विचार से आगे चलकर आइसक्यूब न्यूट्रिनो ऑब्जर्वेटरी बनी। इसका निर्माण 2011 में पूरा हुआ। यहां पकड़े गए उच्च-ऊर्जा वाले न्यूट्रिनो ने वैज्ञानिकों को सौरमंडल से बहुत दूर मौजूद स्रोतों और वहां होने वाली घटनाओं के बारे में जानकारी हासिल करने का नया तरीका दिया। न्यूट्रिनो ने उन्हें ब्रह्मांड को देखने का एक और रास्ता दिया। यानी अब वैज्ञानिक सिर्फ यह नहीं देखते कि अंतरिक्ष से रोशनी कहां आ रही है, बल्कि यह भी पता लगा सकते हैं कि न्यूट्रिनो कहां से आ रहे हैं और उनके पीछे कौन-सी ताकतवर अंतरिक्षीय घटना है।

बिटचैट को प्ले स्टोर और एप्पल स्टोर से हटाया

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत सरकार ने आंतरिक सुरक्षा के मद्देनजर ब्लूटूथ आधारित मैसेजिंग एप बिटचैट को गूगल प्ले स्टोर और एप्पल एप स्टोर से हटा दिया है। बिटचैट इंटरनेट आधारित मैसेजिंग से अलग काम करता है। ब्लूटूथ के जरिए आपस में जुड़कर संदेश भेज सकते हैं। इसके लिए मोबाइल डेटा या वाई-फाई की आवश्यकता नहीं होती। कई डिवाइस जुड़ने पर यह मेश नेटवर्क बनाकर संदेशों को एक फोन से दूसरे फोन तक पहुंचा सकता है। इंटरनेट पर कम निर्भरता के कारण इसके संभावित इस्तेमाल से कानून-व्यवस्था संबंधी चुनौतियों को लेकर चिंता जताई गई है।



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सिंगापुर दौरे का तीसरा दिन

सिंगापुर हरियाणा में करेगा 5500 करोड़ का निवेश, रोजगार व विकास को मिलेगी रफ्तार

- सिंगापुर दौरा विकसित हरियाणा-विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करने वाला साबित होगा : सैनी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा को वैश्विक निवेश मानचित्र पर मजबूत पहचान दिलाने की दिशा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का सिंगापुर दौरा महत्वपूर्ण उपलब्धि के साथ संपन्न हुआ। दौरे के दौरान विभिन्न कंपनियों और संस्थानों ने हरियाणा में करीब 5,500 करोड़ रुपये के निवेश के लिए समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर सहमति जताई। इन निवेश प्रस्तावों से प्रदेश में औद्योगिक विकास के साथ आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं, जल प्रबंधन, शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के नए अवसरों को गति मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सिंगापुर दौरा 'विकसित हरियाणा-विकसित भारत' के संकल्प को मजबूत करने वाला साबित होगा। हरियाणा के प्रति वैश्विक निवेशकों की बढ़ती रुचि दर्शाती है कि प्रदेश निवेश, नवाचार और उद्योग के लिए एक भरोसेमंद एवं आकर्षक गंतव्य के रूप में तेजी से उभर रहा है। राज्य सरकार निवेशकों को पारदर्शी प्रशासन, बेहतर कनेक्टिविटी और अनुकूल कारोबारी वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

एमओयू पर हस्ताक्षर करते हुए



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सिंगापुर दौरे के दौरान विभिन्न कंपनियों के साथ हरियाणा में करीब 5,500 करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर होने के बाद उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह के साथ।

हेल्थ एवं वेलनेस में 3,000 करोड़ के निवेश

हरियाणा में हेल्थ एवं वेलनेस क्षेत्र में करीब 3,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों पर सहमति बनी है। इससे अत्याधुनिक अस्पताल, स्वास्थ्य केंद्र, वेलनेस सुविधाएं और चिकित्सा अनुसंधान को बढ़ावा मिलेगा।

जल प्रबंधन में 1,500 करोड़

जल उपचार एवं प्रबंधन क्षेत्र में करीब 1,500 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों पर सहमति बनी है। इससे आधुनिक जल उपचार संयंत्र, सीवेज ट्रीटमेंट, जल पुनः उपयोग और स्मार्ट जल प्रबंधन प्रणालियों को बढ़ावा मिलेगा।

शिक्षा-कौशल विकास में 1,000 करोड़ निवेश

शिक्षा क्षेत्र में करीब 1,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों पर सहमति बनी है। इससे आधुनिक शैक्षणिक संस्थानों, कौशल विकास केंद्रों, तकनीकी शिक्षा और रोजगारपरक प्रशिक्षण सुविधाओं का विस्तार होगा।

मुख्यमंत्री सैनी ने सुरबाना जुरोंग का दौरा किया

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सिंगापुर स्थित शहरी विकास एवं अवसंरचना क्षेत्र की प्रमुख संस्था सुरबाना जुरोंग का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने हरियाणा में प्रस्तावित नई औद्योगिक मॉडल टाउनशिप (आईएमटी) के लिए आधुनिक, एकीकृत और भविष्योन्मुखी व्यवस्थाओं का अध्ययन किया।मुख्यमंत्री ने अलग-अलग व्यावसायिक इकाइयों को एक ही स्थान पर विकसित करने की प्रक्रिया की जानकारी ली। जल शोधन, यातायात प्रबंधन और औद्योगिक क्षेत्रों में बेहतर सुविधाओं से संबंधित व्यवस्थाओं को समझा। साथ ही, उद्योगों में कार्यरत कर्मचारियों के लिए सुविधाजनक और बेहतर कार्य वातावरण तैयार करने के उपायों पर भी चर्चा की। हरियाणा में उद्योगों के लिए सकारात्मक और निवेशक-अनुकूल माहौल तैयार करना सरकार की प्राथमिकता है।

सिंगापुर के विदेश मंत्री डॉ. बालाकृष्णन से मिले सीएम

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से सिंगापुर के विदेश मंत्री डॉ. विवियन बालाकृष्णन ने मंगलवार को मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच हरियाणा और सिंगापुर के बीच सहयोग के विभिन्न आयामों पर चर्चा हुई। शिक्षा, कौशल विकास, जल प्रबंधन, शहरी विकास, तकनीकी नवाचार और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।मुख्यमंत्री ने सिंगापुर सरकार की मेजबानी के लिए विदेश मंत्री का आभार जताते हुए कहा कि सिंगापुर ने आधुनिक शहरी विकास, जल प्रबंधन और तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में उल्लेखनीय अनुभव हासिल किया है। इससे हरियाणा को भी लाभ मिल सकता है। जल उपचार, जल संरक्षण, शहरी नियोजन और आधुनिक तकनीकी समाधानों को अपनाने में मदद मिलेगी।

सेमीकंडक्टर, ग्रीन एनर्जी, डेटा सेंटर और लॉजिस्टिक्स में निवेश पर चर्चा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सिंगापुर दौरे के तीसरे दिन मंगलवार को सिंगापुर बिजनेस फोरम के तहत राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इसमें मुख्यमंत्री ने एक दर्जन से अधिक सिंगापुर की कंपनियों के प्रतिनिधियों, सिंगापुर बिजनेस फेडरेशन के पदाधिकारियों, उद्योग प्रतिनिधियों, निवेशकों और बिजनेस लीडर्स के साथ विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा का लक्ष्य सिंगापुर की कंपनियों के सहयोग से सेमीकंडक्टर, ग्रीन एनर्जी, वेयरहाउसिंग और आधारभूत ढांचे के क्षेत्रों में निवेश बढ़ाना है। गुरुग्राम के अलावा पंचकूला, करनाल, हिसार, सोनीपत और रोहतक जैसे शहरों को ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) तथा तकनीक आधारित कारोबार के अगले ग्रोथ सेंटर के रूप में विकसित किया जा रहा है। भविष्य की जरूरतों को देखते हुए राज्य सरकार ने डेटा सेंटर पॉलिसी-2026 भी तैयार की है।

भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड)
(जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार)
एनएसआईसी बिजनेस पार्क, एनएसआईसी एस्टेट,
ओखला फेज-III, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110020

विज्ञापन संख्या: 04/2026

भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड), जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, केंद्र/राज्य सरकार के मंत्रालयों/विभागों, स्वायत्त निकायों, सांविधिक निकायों तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) से सेवानिवृत्त कार्मिकों से सलाहकार के रूप में संविदा आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित करता है।

विपणन तथा लघु वनोपज (MFP) एवं वीडीबीके के क्षेत्रों में एक-एक, कुल दो (02) सलाहकार पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 15.10.2026 है।

पात्रता एवं अन्य विस्तृत जानकारी के लिए ट्राइफेड की वेबसाइट **https://trifed.tribal.gov.in** के "**Opportunities - Careers**" अनुभाग पर जाएँ।

स्थान: नई दिल्ली महाप्रबंधक (कार्मिक)
CBC 43104/11/0003/2627 **प्रीति मैथिल**

उत्तर रेलवे

"अम्बाला मंडल, उत्तर रेलवे में एन.एस. जी –5 श्रेणी के स्टेशनों पर "स्टेशन टिकट बुकिंग एजेन्ट" को तीन वर्ष के लिये अधिकृत करने के लिए निविदाएं आमंत्रित करना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा मोहरबंद निविदायें इच्छुक उम्मीदवारों से स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट की नियुक्ति हेतु 03 वर्षों की अवधि के लिए आमंत्रित किये जाते हैं।

1	NIT संख्या एवं दिनाक	C-37/BKG/STBA/Policy/Pt.11/2021 dt 05/10/2026
2	रेलवे की वेबसाइट	www.nr.indianrailways.gov.in
3	निविदा पत्र डाउनलोड करने की प्रारंभिक तिथि	05.10.2026
4	निविदा पत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि	28.10.2026 को 14:00 बजे तक
5	निविदा पत्र जमा करने की तिथि एवं स्थान	28.10.2026 को 10:00 बजे से 15:00 बजे तक
6	निविदा पत्र खुलने की तिथि एवं स्थान	28.10.2026 को 15:30 बजे (O/o प्रवर मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, अम्बाला छावनी, हरियाणा – 133031)
7	स्टेशन के नाम एवं ड्यूटी का समय	स्टेशन का नाम एवं श्रेणी — Duty timing संगरूर (NSG-5) — 08:00 to 20:00 नाभा (NSG-5) — 06:00 to 22:00 दौलतपुर चौक (NSG-5) — 06:00 to 22:00 बरनाला (NSG-5) — 06:00 to 22:00
8	निविदा पत्र का मूल्य (गैर वापसी)	रु. 1000/– पर + 18% जीएसटी सहित कुल **रु. 1180/–** की डिमांड ड्राफ्ट, जो सीनियर डिविजनल फाइनेंस मैनेजर, नॉर्दर्न रेलवे, अंबाला कैंट के पक्ष में देय हो। **नोटः– डीडी क्रेता (Purchaser) का नाम और STBA के लिए आवेदन करने वाले आवेदक का नाम एक ही होना चाहिए। किसी अन्य व्यक्ति के खाते से जमा की गई डीडी के कारण आवेदन अस्वीकृत कर दिया जाएगा।**
9	ध्यान धरोहर राशि (वापसी योग्य)	NSG-5 स्टेशन के लिए रु. 5000/– जो सीनियर डिविजनल फाइनेंस मैनेजर, नॉर्दर्न रेलवे, अंबाला कैंट के पक्ष में देय डिमांड ड्राफ्ट के रूप में जमा किए जाएँ। **नोटः– डीडी क्रेता (Purchaser) का नाम और STBA के लिए आवेदन करने वाले आवेदक का नाम एक ही होना चाहिए। किसी अन्य व्यक्ति के खाते से जमा की गई डीडी के कारण आवेदन अस्वीकृत कर दिया जाएगा।**

C-37/BKG/STBA/Policy/Pt.11/2021 दिनांक :- 05/10/2026

For वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक
3450/2026 उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का स्वागत



चंडीगढ़। हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने चंडीगढ़ टेक्निकल एयरपोर्ट पर भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का स्वागत किया।

एसीएस हेल्थ से सहमति, नर्सिंग कैडर की हड़ताल स्थगित

चंडीगढ़। स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस हेल्थ) डॉ. सुमिता मिश्रा के साथ बैठक के बाद नर्सिंग ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने दो घंटे की सांकेतिक हड़ताल स्थगित कर दी। एसोसिएशन की राज्य प्रधान विनीता बांगड़ ने बताया कि चार मांगों पर सहमति बनी है। इनमें एमओटीपी नर्सिंग कैडर पर लागू नहीं करना, मेवात और पलवल में कार्यरत नर्सिंग अधिकारियों को विशेष भत्ता देना, नई भर्ती होने पर गृह जिले में तबादले का अवसर और पिछले वर्ष से बंद यूनिफॉर्म अलाउंस एरियर सहित जारी करना शामिल है। नर्सिंग अलाउंस 7,200 रुपये करने और ग्रुप-बी में शामिल करने की मांग पर जल्द अलग बैठक होगी। एसोसिएशन की राज्य प्रधान विनीता बांगड़ ने कहा, मांगें लागू नहीं होने पर फिर आंदोलन किया जाएगा।

23 जिलों में होगी विकसित भारत संकल्प सभा: डॉ. गुप्ता

गुरुग्राम में सेवा ज्योति मशाल स्थापित करेंगे शाह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने बताया कि पीएम मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर हरियाणा में सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा और जनभागीदारी से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। बुधवार को प्रदेश के 23 जिलों में विकसित भारत संकल्प सभाएं होंगी। पीएम मोदी दिल्ली से लाइव संबोधित करेंगे। गुरुग्राम में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह मुख्य रूप से शामिल होंगे। शिरोमणि महाराणा प्रताप स्वर्ण जयंती पार्क से सिग्नेचर टावर चौक तक सेवा ज्योति यात्रा निकाली जाएगी। 7 अक्टूबर 2001 को नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शासन और जनसेवा की जिम्मेदारी संभाली थी। उनके सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष सेवा, सुशासन, त्याग और राष्ट्र सर्वोपरि की भावना को समर्पित रहे हैं। प्रधानमंत्री ने युवा, किसान, गरीब और महिला सशक्तिकरण को अपनी नीतियों के केंद्र में रखा है।

इंडियनऑयल
CIN-L23201MH1959GOI011388
IndianOil

पाइपलाइन्स प्रभाग, उत्तरी क्षेत्र पाइपलाइन्स, पानीपत

रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई)
हरियाणा में अनुबंध के आधार पर भूमि अधिग्रहण (LA) स्टाफ की नियुक्ति

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पाइपलाइन्स प्रभाग), उत्तरी क्षेत्र पाइपलाइन्स, पानीपत द्वारा हरियाणा में पानीपत से रेवाड़ी के बीच OFC बिछाने की परियोजना हेतु भूमि अधिग्रहण (LA) स्टाफ के रूप में संविदा आधार पर नियुक्ति के लिए पात्र एवं सेवानिवृत्त राज्य सरकार के राजस्व कार्मिकों (पटवारी श्रेणी) से अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है :

क्र.सं.	स्थान	पद की सं.	पात्रता मानदंड
1	पानीपत, हरियाणा	पटवारी (01)	ईओआई के प्रकाशन की तिथि को 64 वर्ष से अधिक आयु न रखने वाले, पटवारी/कानूनगो अथवा समकक्ष ग्रेड/पद से सेवानिवृत्त राजस्व कर्मचारी।
2	रेवाड़ी, हरियाणा	पटवारी (01)	

बोली प्रस्तुत करने की समय–सीमा : इस ईओआई के प्रकाशन की तिथि से **15 दिनों के भीतर**।

सम्पर्क व्यक्ति : श्री अभय सिंह चौहान, अनुरक्षण प्रबंधक (मेनलाइन), इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पाइपलाइन्स प्रभाग), उत्तरी क्षेत्र पाइपलाइन्स, पानीपत, ग्राम बहोली, डाकघर पानीपत रिफाइनरी, पानीपत–132140, हरियाणा। ई–मेल : chauhanas2@indianoil.in, मोबाइल : 9909246466

पद का विवरण, पात्रता एवं पारिश्रमिक संबंधी विस्तृत जानकारी के लिए https://iocl.com/latest-job-opening देखें। इस विज्ञापन के संबंध में जारी होने वाला कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/सूचना आदि केवल www.iocl.com वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जाएगा।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश कार्यालय, जींद

रोजगार सूचना

पूर्णतया तदर्थ आधार पर छह माह की अवधि के लिए अथवा माननीय उच्च न्यायालय द्वारा नियमित नियुक्तियां किए जाने तक, जो भी पहले हो, पर रु. 25,500/– के समेकित वेतन (अर्थात प्रारंभिक वेतन एफपीएल-4 में) अथवा हरियाणा सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित की जाने वाली ऐसी संशोधित दर पर स्टेनोग्राफर ग्रेड-III के 12 (बारह) पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। उपरोक्त पदों का श्रेणी-वार विभाजन निम्नानुसार है :–

रिक्तियों की कुल संख्या	सामान्य	पीडब्ल्यूबीडी (पैरों की दिव्यांगता)	एससी		बीसी		सामान्य (ईएसएम)	ईडब्ल्यूएस
			डीएससी	ओएससी	बीसी (ए)	बीसी (बी)		
12	04	01	01	01	02	01	01	01

- रिक्तियों की संख्या न्यायालयों के सृजन अथवा वापसी अथवा चयन प्रक्रिया के दौरान किसी अन्य वजह से बढ़ाई या घटाई जा सकती है। इस संबंध में अलग से कोई संचार नहीं किया जाएगा।
- आरक्षित श्रेणी के पद से सम्बन्धित उम्मीदवारों की अनुपलब्धता के मामले में, ऐसे पदों का अनारक्षित श्रेणी में उपलब्ध उम्मीदवारों में से भरा जा सकता है, बशर्ते कि हरियाणा अधीनस्थ न्यायालय स्थापना (भर्ती एवं सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1997 के नियम 7 में दिए गए स्पष्टीकरण के सम्बन्ध में उपलब्धता हो।

उम्मीदवार जो नीचे वर्णित योग्यताएं रखते हों, उपरोक्त पद के लिए सत्र डिवीजन, जीन्द की वेबसाइट पर उपलब्ध निर्धारित प्रारूप में अपने आवेदन सत्र डिवीजन के अधीक्षक के कार्यालय, जीन्द में या तो दस्ती तौर पर अथवा डाक द्वारा जमा करवा सकते हैं।

योग्यता : उपरोक्त पदों के लिए योग्यता निम्नानुसार होगी :–
1. उम्मीदवार के पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी संकाय में स्नातक अथवा उसके समकक्ष डिग्री होनी चाहिए तथा कंप्यूटर के संचालन (वर्ड प्रोसेसिंग एवं स्प्रैड शीट्स) में दक्षता अवश्य होनी चाहिए।
2. उम्मीदवार को एक विषय के रूप में हिंदी अथवा अंग्रेजी सहित मैट्रिकुलेशन परीक्षा अवश्य उत्तीर्ण की होनी चाहिए।
3. उम्मीदवार को 01.07.2026 के अनुसार योग्यताओं की शर्तें पूरी करनी चाहिए।

आयु सीमा : कोई भी व्यक्ति सीधी नियुक्ति द्वारा सेवा में भर्ती नहीं किया जाएगा, यदि 01.07.2026 के अनुसार उसकी आयु 18 वर्ष से कम अथवा 42 वर्ष से अधिक है। ऊपरी आयु सीमा में छूट हरियाणा सरकार अथवा माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय, चंडीगढ़ द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुसार लागू होगी।

चयन का तरीका : आवेदक को अंग्रेजी शॉर्टहैंड में 80 शब्द प्रति मिनट तथा कंप्यूटर पर इसकी प्रतिलिपि लेखन में 20 शब्द प्रति मिनट की गति से एक परीक्षा उत्तीर्ण करना होगा। आवेदक को कंप्यूटर दक्षता परीक्षा (वर्क प्रोसेसिंग एवं स्प्रेड शीट्स) अवश्य क्वालीफाइ करनी होगी। दक्षता परीक्षा के अंकों की गणना अंतिम मेरिट में नहीं की जाएगी, क्योंकि यह केवल अर्हता प्रकृति की परीक्षा है। चयन सूची मेरिट के आधार पर तैयार की जाएगी।

अंतिम तिथि : लिफाफे के सबसे ऊपर "स्टेनोग्राफर ग्रेड-III (तदर्थ आधार) के पद हेतु आवेदन" वर्णित करते हुए आवेदन 30.10.2026 को अप. 5:00 बजे तक या इससे पूर्व अधीक्षक का कार्यालय, सत्र डिवीजन, जींद में पहुंच जाने चाहिएं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

परीक्षा की तिथि : शॉर्टहैंड परीक्षा/कंप्यूटर दक्षता परीक्षा की तिथि, समय एवं स्थान इस सत्र मंडल की आधिकारिक वेबसाइट https://jind.dcourts.gov.in/ पर अपलोड किए जाएंगे। शॉर्टहैंड परीक्षा/कंप्यूटर दक्षता परीक्षा के लिए अलग से कोई संचार नहीं किया जाएगा। उम्मीदवारों नियमित आधार पर वेबसाइट पर पधारने का परामर्श दिया जाता है।

निर्देश :
(ए) उम्मीदवारों को सत्र मंडल, जीन्द की आधिकारिक वेबसाइट (https://jind.dcourts.gov.in) पर उपलब्ध स्टेनोग्राफर ग्रेड-III (तदर्थ आधार) के पद के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र पर उम्मीदवार का एक नवीनतम फोटोग्राफ लगा होना चाहिए तथा उसमें पूर्ण विवरण, अर्थात उम्मीदवार का नाम, पिता/पति का नाम ; जन्म तिथि; 01.07.2026 के अनुसार आयु; लिंग; राष्ट्रीयता; स्थाई पता; पत्राचार का पता; श्रेणी; शैक्षणिक योग्यता(एं); अनुभव, यदि कोई हो; संपर्क/मोबाइल नंबर; ई-मेल आईडी निहित होनी चाहिए, स्व-पता लिखे उपयुक्त रूप से डाक टिकट लगे दो लिफाफों के अतिरिक्त सम्बद्ध प्रमाण-पत्रों की सत्यापित प्रतियों सहित सत्र मण्डल के अधीक्षक के कार्यालय, जीन्द में या तो पंजीकृत डाक द्वारा अथवा दस्ती तौर पर अन्तिम तिथि से पूर्व अर्थात 30.10.2026 को अप. 5.00 बजे तक अपने आवेदन जमा करवाने होंगे।
(बी) अपेक्षित दस्तावेजों की प्रतियों सहित केवल मूल आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। ई-मेल/व्हाट्सएप के माध्यम से प्राप्त कोई भी आवेदन/बायो-डेटा किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।
(सी) अपूर्ण आवेदन और निर्धारित तिथि के पश्चात अथवा विज्ञापन की तिथि से पूर्व प्राप्त आवेदन बिना किसी संचार के एकदम निरस्त कर दिये जाएंगे। यद्यपि, निरस्तीकरण सूची सत्र मण्डल, जीन्द की अधिकारिक वेबसाइट अर्थात https://jind.dcourts.gov.in/ पर अपलोड की जाएगी।
(डी) अपूर्ण आवेदनों अथवा जो इस कार्यालय में निर्धारित तिथि के पश्चात अथवा विज्ञापन की तिथि से पूर्व प्राप्त होते हैं, के सम्बन्ध में कोई संचार, चाहे जो भी हो, स्वीकार नहीं किया जाएगा।
(ई) सरकारी विभागों, अर्ध-सरकारी विभागों, किसी निगम अथवा किसी बोर्ड में कार्यरत उम्मीदवारों को उपयुक्त चैनल के माध्यम से आवेदन करना आवश्यक है।
(एफ) उपरोक्त पद के लिए परीक्षा/साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए किसी भी उम्मीदवार को टीए/डीए देय नहीं होगा।
(जी) उम्मीदवारों को भर्ती प्रक्रिया के सम्बन्ध में नवीनतम अपडेट्स के लिए सत्र मण्डल, जीन्द की अधिकारिक वेबसाइट अर्थात https://jind.dcourts.gov.in/ पर नियमित रूप से पधारने का परामर्श दिया जाता है।

हस्ता/- (पूनम सुनेजा)
पीआरडीएच-1278/11/60/2027/49950/88/6 दि. 06.10.26 जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जींद

रणबीर गंगवा ने मंत्री गडकरी से की मुलाकात

प्रदेश में बढ़ेगी सड़कों की क्षमता, बनेगी नई योजना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा में बढ़ते यातायात और औद्योगिक विस्तार को देखते हुए सड़क तंत्र को मजबूत करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने गुजरात के नर्मदा जिले के एकता नगर में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय चिंतन शिविर के अंतिम दिन केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। इस दौरान प्रदेश की भावी सड़क योजनाओं, मार्गों के लेन विस्तार, कनेक्टिविटी और सड़क सुरक्षा को लेकर चर्चा हुई। गंगवा ने कहा कि प्रदेश की सड़कों को वर्तमान के साथ भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया जाएगा। जहां यातायात का दबाव अधिक है ऐसे प्रमुख मार्गों को चिन्हित कर उनकी क्षमता बढ़ाने की योजना बनाई जाएगी।

एडीओ भर्ती का रिवाइज रिजल्ट जारी

पंचकूला। हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) ने कृषि विकास अधिकारी (एडीओ) भर्ती का संशोधित परिणाम जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट और पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आदेशों के अनुपालन में आयोग ने 14 नवंबर 2025 को जारी स्क्रीनिंग टेस्ट का पुराना परिणाम वापस ले लिया है। पहले 2,122 उम्मीदवारों को सब्जेक्ट नॉलेज टेस्ट के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया था, जबकि संशोधित परिणाम में 2,645 उम्मीदवारों को मौका दिया गया है। भर्ती अभियान के तहत ग्रुप-बी के 785 पद भरे जाने हैं। आयोग ने नया परिणाम रेजल्ट-II जारी किया है। इसके आधार पर शॉर्टलिस्ट उम्मीदवार अब सब्जेक्ट नॉलेज टेस्ट में शामिल हो सकेंगे।



ट्रैफिक नियम तोड़ने पर अब नहीं होगी ढिलाई

पंचकूला। हरियाणा पुलिस ने यातायात उल्लंघनों पर कार्रवाई को पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के लिए नेक्स्ट जेन ई-चालान प्रणाली प्रदेशभर में लागू कर दी है। डीजीपी अजय सिंघल ने पुलिस अधिकारियों को तकनीक आधारित प्रवर्तन और सड़क सुरक्षा मजबूत करने के निर्देश दिए। नई व्यवस्था में उल्लंघन के तीन दिन के भीतर नोटिस भेजा जाएगा और वाहन चालक को 45 दिन में चालान स्वीकार या चुनौती देने का अवसर मिलेगा। शिकायत का निस्तारण 30 दिन में करना अनिवार्य होगा। बैठक में ट्रैफिक जाम की रोकथाम के लिए डेटा आधारित प्रिवेंटिव पुलिसिंग पर जोर दिया गया। पुराने वाहनों की स्क्रैपिंग के लिए प्रदेश में 27 सेंटर स्थापित किए गए हैं।

कांग्रेस कार्यकर्ता हर बूथ तक पहुंचाएंगे वोट बचाओ देश बचाओ अभियान

चंडीगढ़। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रदेश प्रभारियों व अध्यक्षों के साथ 'वोट बचाओ–देश बचाओ' अभियान की रणनीति पर बैठक की। हरियाणा प्रभारी संजय दत्त और प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने भी इसमें हिस्सा लिया। संजय दत्त ने कहा कि 10 से 20 अक्टूबर तक ब्लॉक स्तर पर पदयात्रा, साइकिल और बाइक रैलियां होंगी। 25 अक्टूबर से 25 नवंबर तक गांव-गांव 'वोट बचाओ–देश बचाओ चौपाल' लगाई जाएगी। बीएलए मतदाता सूचियों का सत्यापन करेंगे। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि 8 अक्टूबर से हरियाणा में अभियान को गांव और बूथ स्तर तक जनआंदोलन का रूप दिया जाएगा।

10 से 20 अक्टूबर तक ब्लॉक स्तर पर पदयात्रा, साइकिल और बाइक रैलियां होंगी

डिमांड नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 (उक्त नियमों) के नियम 3 (1) के साथ पठित प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 (उक्त एक्ट) के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्यभूतिकरण और पुनर्निर्माण की धारा 13 (2) के तहत। उक्त नियमों के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये, आईआईएफएल होम फाइनैंस लि. (आईआईएफएल एचएफएल) (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लि. के रूप में जानी जाती) के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत डिमांड नोटिस जारी किये, जिनमें उनको जारी किये गये सम्बन्धित डिमांड नोटिस(नों) में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान करने के लिये कर्जदार(रों) का आह्वान किया गया। उपरोक्त के सम्बन्ध में, डिमांड नोटिस की तिथि(यों) से भुगतान की तिथि तक आगे के ब्याज सहित यहां नीचे इंगित राशियों का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन से 60 दिन के अंदर करने के लिये कर्जदार(रों) को एल बार फिर एतद द्वारा सूचना दी जाती है। कर्जदार(रों) का विवरण, **डिमांड नोटिस की तिथि** के अनुसार देय राशि और ऋण राशि के पुनर्भुगतान के तहत प्रस्तावित प्रतिभूति निम्नानुसार हैं :–

कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) के नाम	डिमांड नोटिस तिथि और राशि	प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन
श्री बालमुकंद श्रीमती सीमा (**प्रोस्पेक्ट नं. IL10526473**)	**08-सित.-2026, रु. 1025150/-** (रुपये दस लाख पच्चीस हजार एक सौ पचास केवल)	अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :– राजीव कॉलोनी, सगालखा, तहसील सगालखा, जिला पानीपत, हरियाणा 132101 में स्थित खेवट नं. 1519//1168, खतौनी नं. 1668 में निहित, खेवट नं. 1520//1169, खतौनी नं. 1669 में निहित, खेवट नं. 1521//1170 खतौनी नं. 1670 में निहित सम्पत्ति। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Area_Admeasuring, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 846
श्री हरिराम श्री कन्हैया श्रीमती उर्मिला हरि राम एंड कन्हैया आटो सर्विस (**प्रोस्पेक्ट नं. IL10559371**)	**09-सित.-2026, रु. 2408964/-** (रुपये चौबीस लाख आठ हजार नौ सौ चौंसठ केवल)	अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :– खेवट नं. 428, खतौनी नं. 469, खसरा नं. 78/22/1(3–11), डाबर कॉलोनी, तहसील व जिला पानीपत, हरियाणा–132103. क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 900.00, 720.00, 612.00
श्रीमती नीतू श्री अनुराग नीतू डेयरी नीतू किरयाना स्टोर (**प्रोस्पेक्ट नं. IL10599090**)	**02-सित.-2026, रु. 961502/-** (रुपये नौ लाख इकसठ हजार पांच सौ दो केवल)	अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :– रकबा जुलाना, तहसील जुलाना, जिला जींद–126102 में स्थित पुरानी सम्पत्ति आईडी नं. 6x316qu और नई सम्पत्ति आईडी नं. 6xw9v3a1 का भाग। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Area_Admeasuring, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1080
श्रीमती नीतू कैन्सी बुटीक राजल डेयरी श्री दलबीर सिंह श्रीमती राजल देवी (**प्रोस्पेक्ट नं. IL10963666**)	**09-सित.-2026, रु. 2125298/-** (रुपये इक्कीस लाख पच्चीस हजार दो सौ अठानवे केवल)	अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :– वार्ड नं. 10, गांव व तहसील महम, जिला रोहतक, हरियाणा–124112 में स्थित सम्पत्ति आईडी नं. 7HF1ALJ2 वाला प्लॉट/मकान। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 720.00, 1239.00, 1053.00
श्रीमती माया देवी, श्री नन्हे (**प्रोस्पेक्ट नं. IL10988870**)	**08-सित.-2026, रु. 1200660/-** (रु

खबर संक्षेप

बाइक छीनने व मारपीट के दोषी को 5 साल कैद

नूंह। जिले के पिनगवां थाना क्षेत्र के बहुचर्चित लूट और मारपीट के मामले में करीब 7 साल तक चली लंबी सुनवाई के बाद जिला सत्र न्यायाधीश नूंह डॉ. सुशील कुमार गर्ग की अदालत ने अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने आरोपी सदर उर्फ सदरुद्दीन पुत्र अली मोहम्मद उर्फ अल्ली निवासी गांव रीठट, थाना पिनगवां को दोषी ठहराते हुए 5 साल के कठोर कारावास और करीब 30 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अदालत से मिली जानकारी के मुताबिक यह मामला वर्ष 2019 का है। गांव रीठट निवासी जाकिर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 27 मई 2019 को दोपहर करीब 3 बजे वह बाइक से जा रहा था, तभी गांव के ही सदर उर्फ सदरुद्दीन और उसके साथी शकील उर्फ बिहारी व अन्य ने पुरानी रंजिश को लेकर उसे रोक लिया। शिकायत में आरोप था कि आरोपियों ने उसे पीटा और उसकी जेब से 15 हजार रुपये छीन लिए और उसकी बाइक लूट ली। पुलिस ने इस पर केस दर्ज किया था।

नूंह में जहर खाने वाली दो सगी बहनों की मौत

नूंह। रोजका मेव थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा खलीलपुर में घरेलू कहासुनी से आहत होकर दो सगी बहनों द्वारा जहरीला पदार्थ खा लेने का दुखद मामला सामने आया है। उपचार के दौरान दोनों बहनों की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में सामान्य कार्रवाई की है। 5 अक्टूबर को सुबह 10 बजे गांव खेड़ा खलीलपुर निवासी प्रकाश चंद की दो बेटियों भावना उम्र 25 वर्ष और नेहा उम्र 22 वर्ष का अपनी मां के साथ किसी घरेलू बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद के बाद मां खेतों में चारा लेने चली गई। इसी दौरान दोनों बहनों ने जहरीला पदार्थ खा लिया और अपने मामा दीपक को फोन पर घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही मामा घर पहुंचे और परिजनों की मदद से दोनों को तत्काल शहीद हसन खां मेवाती राजकीय मेडिकल कॉलेज नल्हड़ पहुंचाया गया, जहां पहले भावना की मौत हो गई और दूसरे दिन नेहा ने भी दम तोड़ दिया।

घूसखोर इंस्पेक्टर दोबारा 25 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोचा

पहले भी पांच लाख रुपये लेते पकड़ा गया था, तब 9 महीने रहा था जेल में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलवल

पलवल में नगर परिषद के बिल्डिंग इंस्पेक्टर को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। आरोपी इंस्पेक्टर ने शिकायकर्ता के मकान को गिराने की कार्रवाई न करने की बदले 50 हजार रुपये की डिमांड की थी। एसीबी के अधिकारियों का कहना है कि आरोपी इस्पेक्टर 25 हजार रुपये सोमवार को ही ले चुका था। आज फिर शिकायतकर्ता को बाकी के 25 हजार रुपये देने के लिए बुलाया था। यहां जैसे ही इंस्पेक्टर ने रिश्वत ली, टीम ने उसे रंगे हाथ दबोच लिया। गौरतलब है कि आरोपी इंस्पेक्टर चिम्मन लाल तेवतिया पहले भी रिश्वत के केस में फंस चुका है। करीब तीन साल पहले चिम्मन ने एक शोरूम की बिल्डिंग पर कार्रवाई न करने के बदले 10 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। इस मामले में वह 9 महीने जेल में रहा था।



10 लाख रिश्वत मांगी

बिल्डिंग इंस्पेक्टर चिम्मन लाल तेवतिया को भी रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया जा चुका है। तब पलवल बस स्टैंड पर दलिप बिंदल का शोरूम बन रहा था। दलिप के अनुसार, शोरूम का नक्शा जमा था, मगर वो पास नहीं हुआ। आरोप है कि चिम्मन ने निर्माण नहीं गिराने के बदले 10 लाख रुपए मांगे थे। 8 मार्च 2022 को 5 लाख रुपए लेते हुए एसीबी ने उसे रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। दलिप बिंदल ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद तेवतिया करीब 9 महीने जेल में रहा। जमानत मिलने के कुछ दिन बाद वह दोबारा ड्यूटी पर लौट आया। पुराने मामले में फिलहाल गवाहों के बयान दर्ज हो रहे हैं। इसके बाद मामले में आगे की कार्रवाई होगी।

पीड़ित के मकान की दीवार को प्लाट की हद से बाहर बताकर इसे गिराने का दिखाया डर

पीड़ित का मकान पलवल नगर परिषद की सीमा में है। आरोपी बिल्डिंग इंस्पेक्टर चिम्मन लाल तेवतिया ने मकान की आगे की दीवार को प्लाट की हद से बाहर बताते हुए इसे अतिक्रमण बताया था। उसने मकान गिराने की बात कही। जिसके बाद इसे न गिराने के लिए 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगी गई। पीड़ित ने इंस्पेक्टर की शिकायत एसीबी से कर दी। शिकायत मिलने पर एंटी करप्शन ब्यूरो ने कार्रवाई की तैयारी की। एसीबी इंस्पेक्टर राजकुमार के नेतृत्व में टीम बनाई गई। इसके बाद शिकायतकर्ता को आरोपी के बताए ठिकाने नेशनल हाईवे-19 पर लघु सचिवालय के पास कुशलीपुर गांव के नजदीक बुलाया गया। शिकायतकर्ता के पहुंचने से पहले ही एसीबी की टीम मौके पर मौजूद थी। जैसे ही आरोपी बिल्डिंग इंस्पेक्टर चिम्मन लाल तेवतिया ने बचे हुए 25 हजार रुपए लिए, टीम ने उसेरंगे हाथ पकड़ लिया। कार्रवाई के दौरान पशुपालन विभाग के डॉ. महेंद्र सिंह स्वतंत्र गवाह के तौर पर मौजूद रहे।

सिरसा के नाथूसरी चोपटा में वारदात

सोलर प्लांट के ठेकेदार की गोली मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चोपटा

नाथूसरी चोपटा क्षेत्र में सोलर प्लांट के ठेकेदार की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मंगलवार दोपहर तीन लोग प्लांट में घुसे और ठेकेदार सुभाष पर गोलियां चला दीं। गंभीर हालत में उसे सिरसा के नागरिक अस्पताल में लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर नाथूसरी चौपटा थाना प्रभारी व जमाल चौकी इंचार्ज रामकुमार मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। हत्या का कारण पार्टनर से पैसों का लेन देन बताया जा रहा है।



मृतक की पहचान गांव जमाल निवासी सुभाष चंद्र (45) के रूप में हुई है। वह अविवाहित था और चार बहनों का इकलौता भाई था।

गांव जमाल में हैक्सा सन एनर्जी नाम से सोलर प्लांट लगाया जा रहा है। प्लांट का ठेकेदार सुभाष चंद्र मंगलवार दोपहर प्लांट में बैठा हुआ था। इसी दौरान दो-तीन युवक सोलर प्लांट में पहुंचे और सुभाष पर तीन गोलियां चला दी और मौके से फरार हो गए। हत्या की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस के अनुसार मृतक सुभाष चंद्र का आपराधिक रिकार्ड भी रहा है। जांच में सामने आया है कि पार्टनर ठेकेदार से पैसों के हिसाब-किताब को लेकर उसका विवाद चल रहा था।

नाथूसरी चोपटा थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में लेन देन का विवाद सामने आया है। आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच की जा रही है और शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस में भिजवा दिया गया है।

पलवल में गैरहाजिर कर्मियों पर मंत्री का एक्शन

एएफएसओ और एसआईएफएस को शो-कॉज नोटिस, 2 दिन में मांगा जवाब

अनाज मंडी में खाद्य मंत्री राजेश नागर के दौरे के दौरान थे गैरहाजिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

हरियाणा के खाद्य मंत्री राजेश नागर ने पलवल अनाज मंडी में अपने दौरे के दौरान गैरहाजिर मिले 2 कर्मचारियों पर कार्रवाई की है। मंत्री के आदेश पर दोनों को शो कॉज नोटिस जारी किया गया है। नोटिस का जवाब देने के लिए 2 दिन का समय दिया गया है। इसमें एएफएसओ जय यादव और एसआईएफएस दिनेश कुमार शामिल हैं।

जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक पलवल की ओर से जारी पत्र के अनुसार, 29 सितंबर 2026 को जारी आदेश में स्पष्ट किया गया था कि खरीद सीजन समाप्त होने तक किसी भी कर्मचारी का किसी भी प्रकार का अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाएगा।

स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश

दोनों कर्मचारियों अगले 2 दिन में इसका रिप्लाई देना होगा। दोनों कर्मचारी अगर दो दिन में रिप्लाई नही करते है तो आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मंत्री राजेश नागर ने कहा कि सरकार के आदेशों की सबको पालना करनी होगी। ये समय किसानों का है ऐसे में बिनी किसी ठोस कारण के गैरहाजिर होना पूरी तरह से गलत है। दोनों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

साथ ही कर्मचारियों को स्टेशन नहीं छोड़ने के निर्देश भी दिए गए थे। पत्र में बताया गया है कि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के मंत्री के निरीक्षण के दौरान पीआर केंद्र पलवल पर कुछ कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। इस पर मंत्री ने नाराजगी जाहिर की। इसके बाद जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक कार्यालय की ओर से जय यादव एएफएसओ और दिनेश कुमार एसआईएफएस को स्पष्टीकरण नोटिस जारी किया गया।

सीएनजी भरवाते वक्त डंपर का सिलेंडर फटा, मशीन उखड़ी; तीन घायल

फरीदाबाद। सूरजकुंड रोड स्थित बीपीसीएल सीएनजी पंप पर गैस भरवाते समय टाटा डंपर का एक सिलेंडर धमाके के साथ फट गया। धमाका इतना तेज था कि सीएनजी भरने वाली मशीन उखड़ गई और पंप पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में शाहिद, ऑपरेटर अच्चिदानंद, सचिन और हेल्पर घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत ठीक बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार डंपर में चार गैस सिलेंडर लगे थे, जिनमें से एक फटा। सिलेंडर का एक हिस्सा दूर जा गिरा, जबकि दूसरा मशीन से टकराया। सूचना मिलने पर सूरजकुंड थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हादसे की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार सूरजकुंड परिसर की पास सीएनजी पंप पर एक टाटा डंपर सीएनजी भरवा रहा था। पंप का ऑपरेटर डंपर में सीनएजी भर रहा था, लेकिन कुछ ही समय बाद अचानक से डंपर में लगे चार गैस सिलेंडर में से एक जोरदार धमाके के साथ फट गया। धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि आस-पास कई किलोमीटर दूर तक आवाज सुनाई दी। गैस सिलेंडर के फटने पंप पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। गनीमत रही कि हादसे के समय पंप पर ज्यादा वाहन मौजूद नही थे। धमाके के चलते गैस सिलेंडर का एक हिस्सा फटकर दूर जा गिरा, जबकि एक हिस्सा मशीन से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मशीन को उखाड़ दिया। इस हादसे में शाहिद, ऑपरेटर अच्चिदानंद, सचिन और हेल्पर घायल हो गए। जिनको इलाज के लिए भेजा गया है।

नेशनल हाइवे 152डी पर जामनी टोल के पास 900 पेटी शराब से भरा ट्रक पकड़ा

अंबाला से तस्करी कर राजस्थान ले जाई जा रही थी अंग्रेजी शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीआईए स्टाफ ने नेशनल हाइवे 152डी पर गांव जामनी टोल प्लाजा के निकट ट्रक से 900 पेटी शराब बरामद की है। शराब को प्लास्टिक दाना दस्तावेजों पर तस्करी कर अंबाला से राजस्थान ले जाया जा रहा था।

पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने ट्रक सवार दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। शराब की कीमत लगभग 50 लाख रुपये आंकी जा रही है। सीआइए स्टाफ कर्मी गांव जामनी टोल प्लाजा के निकट नेशनल हाईवे 152डी पर आने जाने वाले वाहनों पर नजर रखे हुए थे।

प्लास्टिक दाना के दस्तावेजों पर हो रही थी तस्करी

कुछ समय के बाद अंबाला की तरफ से आ रहे ट्रक को रूकवा लिया। ट्रक तिरपाल लगा हुआ था। पुलिसकर्मियों ने जब ट्रक का तिरपाल हटा कर तलाशी ली तो उसमें 900 अंग्रेजी शराब की पेटियां लोड की गई थी। जो अलग-अलग ब्रांडों की थी। जिनकी मैन्यूफैक्चर डिटेल तथा बैच को मिटाया गया था। पुलिसकर्मियों द्वारा दस्तावेज मांगने पर जो दस्तावेज दिए गए वे प्लास्टिक दाना के थे। जिसे चंडीगढ़ से ग्वालियर (मध्य प्रदेश) ले जाना दिखाया गया था। प्लास्टिक की आड़ में शराब को तस्करी कर ले जाया जा रहा था। पुलिस पूछताछ में ट्रक चालक की पहचान गांव जोहरिया, जिला दतिया (मध्य प्रदेश) निवासी निलेश यादव तथा परिचालक की पहचान गांव जोहरिया निवासी लखपत यादव के रूप में हुई है। छानबीन मे यह सामने आया कि शराब को प्लास्टिक दाना की आड़ में अंबाला से राजस्थान ले जाया जा रहा था। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने ट्रक चालक निलेश यादव तथा लखपत के खिलाफ धोखाधड़ी, आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पिल्लूखेड़ा थाना के जांच अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि प्लास्टिक दाना के दस्तावेजों पर शराब को तस्करी कर ले जाया जा रहा था। ट्रक चालक तथा परिचालक के खिलाफ मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।



खुद को जज का गनमैन बताकर टेंट कारोबारी को पीटा, बाद की फायरिंग

बेटे, भतीजे व दोस्त के बेटे ने गाड़ियों के पीछे छिपकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

शहर में खुद को जज का गनमैन बताने वाले एक पुलिस कर्मी ने सोमवार देर रात एक कारोबारी को पीटा और बाद में फायरिंग भी की। शिकायतकर्ता कारोबारी मुनीष के अनुसार आरोपी पहले उसकी गाड़ी में घुसा और लोहे का सामान निकालने लगा। विरोध करने पर विवाद बढ़ गया और आरोपी ने कथित तौर पर बंदूक की बट से उसके सिर पर वार किया। इसके बाद कारोबारी के बेटे, भतीजे और दोस्त के बेटे की तरफ भी फायरिंग करने का आरोप है। तीनों ने गाड़ियों के पीछे छिपकर जान बचाई। सिविल लाइन थाना पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लिया है। आरोपी की पहचान अरुण सधु के तौर पर हुई है। वह एसपीओ के पद पर तैनात है और एडीएसजे के गनमैन के रूप में ड्यूटी करता है। उसकी वास्तविक तैनाती और से संबंधित जानकारी जुटाई जा रही है।

गाड़ी में पुलिसकर्मी को देख शुरू हुआ विवाद





कारोबारी मुनीष व कार के शीशे पर लगी गोली

मुनीष ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सरस्वती टेंट हाउस के नाम से दुकान चलाता है। 7 अक्टूबर को एनडीआरआई रोड पर होने वाले कार्यक्रम के लिए वह मजदूरों और परिवार के सदस्यों के साथ टेंट का सामान लगा रहा था। रात करीब 11 से 11:30 बजे के बीच उसने अपनी गाड़ी में एक पुलिसकर्मी को देखा। मुनीष के अनुसार, पीछे से आरोपी ने खुद को पुलिसकर्मी बताया और गाड़ी से कुछ लोहे का सामान निकालकर गाड़ी के ऊपर रख दिया। सामान रखने का कारण पूछने पर कथित तौर पर उसने कहा कि वह देख रहा था। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि आरोपी ने शराब पी रखी थी। उसे समझाने का प्रयास किया गया तो वह मुनीष, मजदूरों और अन्य लोगों से गाली-गलौज करने लगा। इसी दौरान पुलिस की गाड़ी मौके पर पहुंची और आरोपी पुलिसकर्मी को वहां से भेज दिया गया। करीब 10-15 मिनट बाद सभी लोग दोबारा टेंट का सामान लगाने में जुट गए। मुनीष का आरोप है कि इसके बाद आरोपी ने उसके साथ मारपीट की, थप्पड़ मारे, गला दबाया और सिर पर बंदूक की बट से दो बार वार किया। इसके बाद आरोपी ने उसके बेटे, भतीजे और दोस्त के बेटे की तरफ कथित तौर पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। एक गोली एक गाड़ी की शीशे पर लगी, जबकि दूसरी गोली गाड़ी के पीछे से निकल गई। इसके अलावा दो फायर ऊपर और नीचे की ओर किए जाने का भी आरोप है।

आईपीओ में निवेश के नाम पर 67,400 रुपये की साइबर ठगी

फरीदाबाद। आईपीओ में निवेश के नाम पर 67,400 रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी के लिए बैंक खाता उपलब्ध कराने वाले 6 आरोपियों को नीमका जेल में प्रोडक्शन पर लेकर पूछताछ उपरांत गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में आशीष, संदीप कुमार, अमित, अनुराग वर्मा उर्फ नीलू उर्फ अनिल, शिवम शर्मा उर्फ भोला तथा ऋषभ सिकरवार उर्फ ऋषि शामिल हैं।

पुलिस प्रवक्ता अनुसार फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 29 जून को उसे रैंडमली एक व्हटअप ग्रुप में इनवाइट किया गया था। ग्रुप में एक सदस्य द्वारा आईपीओ एवं शेयर मार्केट में निवेश से संबंधित जानकारी दी जाती थी। ठगों ने शिकायतकर्ता को एसओआई नाम से ट्रेडिंग से संबंधित गतिविधियों का झांसा देकर एक ऐप डाउनलोड करवाया। इसके बाद आईपीओ में अलॉटमेंट के नाम पर शिकायतकर्ता से अलग-अलग बैंक खातों में कुल 67,400 रुपये जमा करवाए गए। शिकायतकर्ता के अनुसार ऐप पर उसे 1,19,000 रुपये का कथित प्रॉफ्टि दिखाया गया। जब उसने रकम विड्रॉल करने का प्रयास किया तो ठगों ने क्रेडिट स्कोर कम होने तथा विड्रॉल के लिए अतिरिक्त रकम जमा कराने की बात कही। इसके बाद शिकायतकर्ता को अपने साथ साइबर ठगी होने का संदेह हुआ और उसने मामले की शिकायत पुलिस को दी थी।

करनाल में हादसे के बाद मचा हड़कंप

स्कूल वैन को ट्रक ने मारी टक्कर 8 बच्चे घायल, एक की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिले के घरौंडा क्षेत्र में डाकघर के सामने मंगलवार दोपहर बच्चों से भरी स्कूल वैन को तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वैन फुटपाथ पर चढ़ गई और वहां खड़ी इलेक्ट्रिक स्कूटी भी उसकी चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में वैन में सवार करीब आठ बच्चों को चोटें आईं। सभी घायल बच्चों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। एक बच्चे को सिर में चोट लगने और उल्टी होने पर करनाल रेफर किया गया।

जानकारी के अनुसार, एसएमबी गीता पब्लिक स्कूल की वैन बच्चों को घर-घर छोड़ने जा रही थी। वैन में नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी, पहली, दूसरी, तीसरी और पांचवीं कक्षा के बच्चे सवार थे। डाकघर के सामने वैन को रोकने का प्रयास किया जा रहा था, तभी पीछे से राजस्थान नंबर का तेज रफ्तार ट्रक आया और वैन को टक्कर मार दी। हादसे के बाद बच्चों में चीख-पुकार मच गई।



टक्कर के बाद फुटपाथ पर चढ़ गई वैन

प्रत्यक्षदर्शी मनोज कुमार के अनुसार टक्कर के बाद वैन फुटपाथ पर चढ़ गई। पास खड़ी इलेक्ट्रिक स्कूटी भी वैन की चपेट में आ गई। राहत की बात रही कि हादसे के समय स्कूटी पर कोई सवार नहीं था। आसपास मौजूद लोगों ने बच्चों को वैन से बाहर निकाला। नगर पालिका चेयरमैन हैप्पी लक गुप्ता भी एक कार्यक्रम से लौट रहे थे। उन्होंने हादसा देखकर अपनी गाड़ी रुकवाई और बच्चों को बाहर निकालने में मदद की। बच्चों को पहले पास के घर में बैठाकर पानी पिलाया गया, इसके बाद उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया।

नौ से 12 वर्ष तक के बच्चों को आईं चोटें

हादसे में नौ वर्षीय सूर्यवीर, 10 वर्षीय याशिका, छह वर्षीय वृंदा, 10 वर्षीय समरवीर, 12 वर्षीय अंशुल और आठ वर्षीय यश सहित करीब आठ बच्चों को चोटें आईं। सभी का अस्पताल में उपचार कराया गया। समरवीर के सिर में चोट लगी और उसे उल्टी होने पर करनाल रेफर किया गया।

केस दर्ज कर छानबीन में जुटी पुलिस

स्कूल डायरेक्टर संजय ने बताया कि वैन बच्चों को उतारने के लिए सड़क किनारे रुक रही थी, इसी दौरान ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। उनके अनुसार वैन चालक अरुण को भी चोट लगी है। हादसा ट्रक चालक की लापरवाही से हुआ या अन्य परिस्थितियों के कारण, इसकी जांच पुलिस कर रही है। नगर पालिका चेयरमैन हैप्पी लक गुप्ता ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही उन्होंने बच्चों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। उन्होंने कहा कि बच्चों की हालत फिलहाल ठीक है। हादसे में डाकघर के बाहर खड़ी रामकिशोर की इलेक्ट्रिक स्कूटी भी टूट गई। रामकिशोर आधार अपडेट कराने के लिए डाकघर आए थे और उन्होंने अपनी स्कूटी फुटपाथ पर खड़ी की थी। ट्रक की टक्कर के बाद स्कूल वैन स्कूटी पर चढ़ गई, जिससे वह पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। रामकिशोर ने प्रशासन से नुकसान का मुआवजा दिलाने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे में घायल बच्चों के बयान और अन्य परिस्थितियों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

शाह और प्रभारी स्मृति ईरानी आज हरियाणा की धरती पर

मिशन-2029 की तैयारी का संदेश देने उतरेंगे भाजपा दिग्गज

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

भारतीय जनता पार्टी के सियासी दिग्गज एक बार फिर हरियाणा की धरती पर उतरने जा रहे हैं, मिशन-2029 की तैयारी का संदेश देने के लिए देश के गृह मंत्री अमित शाह के अलावा भाजपा हरियाणा मामलों की प्रभारी स्मृति ईरानी और सह प्रभारी हरियाणा गुरुग्राम में सभी दिग्गज बुधवार को एक ही मंच पर दिखाई देंगे। इसके अलावा सीएम नायब सिंह सैनी और भाजपा की प्रदेशाध्यक्ष डाक्टर अर्चना गुप्ता भी मौजूद रहेंगी। बुधवार को एक ही दिन में तीनों सियासी दिग्गज गुरुग्राम कार्यक्रम में शामिल होंगे अहम बात है कि पीएम आनलाइन जुड़कर संदेश देंगे।



लेजर वैली में होगा कार्यक्रम

सियासी दिग्गजों का हरियाणा गुरुग्राम में आगमन बुधवार के दिन एक ही स्थान पर होगा जबकि कई शहरों में कार्यक्रम को लेकर भी कई तरह की सूचनाएं सोशल मीडिया पर चलाई जा रही थीं। इनको भाजपा नेताओं ने गलत भी बताया था। एक ही दिन में तीन स्थानों पर कार्यक्रमों से भाजपा मीडिया सैल से जुड़े नेता ने इनकार किया है। इस क्रम में अमित शाह, प्रभारी स्मृति ईरानी और सह प्रभारी तीनों ही गुरुग्राम लेजर वैली में आयोजित कार्यक्रम में आज हिस्सा लेंगे। विकसित भारत संकल्प सभा होगी, जिसमें खुद देश के पीएम नरेंद्र मोदी आनलाइन जुड़ेंगे। हरियाणा भाजपा में संगठनात्मक सक्रियता को तेज करने के लिए तीनों ही दिग्गज गुरुग्राम की धरती पर आ रहे हैं।

जिम्मेदारी संभालने के बाद पहली बार आ रहीं स्मृति

अहम बात यहां पर यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जहां ऑनलाइन कार्यक्रम में जुड़ेंगे, वहीं मुख्यमंत्री सैनी सहित भाजपा के सभी 48 विधायकों की बैठक के बाद यह गुरुग्राम कार्यक्रम हो रहा है। बैठक में प्रधानमंत्री ने विधायकों को जनता से लगातार संवाद बनाए रखने और सामान्य विकास कार्यों से आगे बढ़कर स्थायी सामाजिक कार्यों के जरिये अपनी पहचान बनाने का संदेश दिया था। प्रदेश प्रभारी बनने के बाद पहली बार हरियाणा दौरे पर स्मृति ईरानी स्मृति ईरानी प्रदेश भाजपा प्रभारी बनने के बाद पहली बार हरियाणा दौरे पर आ रही हैं। प्रदेश प्रभारी की जिम्मेदारी संभालने के बाद उनका यह पहला हरियाणा दौरा होने के कारण संगठन में खास महत्व दिया जा रहा है।

राजनीतिक व संगठनात्मक फीडबैक लेने की भी तैयारी

इस दौरान वह स्थानीय कार्यकर्ताओं और पार्टी पदाधिकारियों से संवाद कर प्रदेश की राजनीतिक व संगठनात्मक स्थिति का फीडबैक भी लेने की तैयारी में हैं। प्रदेश सह प्रभारी भोला सिंह भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। अहम बात यहां पर यह है कि इन कार्यक्रमों को मिशन-2029 की शुरुआती संगठनात्मक तैयारी से जोड़कर देखा जा रहा है। भाजपा का जोर सेवा गतिविधियों के माध्यम से बूथ और मंडल स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय रखने और जनता के बीच पार्टी की पहुंच मजबूत करने पर है। मिशन-2029 अभी दूर भले ही हो लेकिन भाजपा ने संगठनात्मक स्तर पर इसकी शुरुआती जमीन तैयार करनी शुरू कर दी है। सेवा कार्यक्रमों के माध्यम से बूथ से लेकर मंडल स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय रखने और जनता के साथ निरंतर संपर्क बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

750 जिलों में 'विकसित भारत संकल्प सभा' को लाइव संबोधन

मोदी सात अक्टूबर को देश के करीब 750 जिलों में 'विकसित भारत संकल्प सभा' को लाइव संबोधित करेंगे। हरियाणा में बड़ा राजनीतिक अर्थ गुरुग्राम के उस मंच से निकलेगा, जहां केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी, सह प्रभारी भोला सिंह, प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता व संगठन महामंत्री पवन राणा एक साथ प्रधानमंत्री का संबोधन सुनेंगे। सभी जिलों में सांसदों, मंत्रियों और विधायकों की मौजूदगी में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन महज सरकारी कार्यक्रम से आगे संगठनात्मक गतिविधि को प्रोत्साहित करने का रूप दे रहा है। प्रधानमंत्री के संबोधन के साथ भाजपा के प्रदेश और जिला संगठन की सक्रियता भी एक साथ दिखाई देगी। नायब सिंह सैनी सरकार की जिम्मेदारी जहां शासन और योजनाओं के क्रियान्वयन की है, वहीं अर्चना गुप्ता के नेतृत्व वाले संगठन के सामने कार्यकर्ताओं और जनता के बीच इन योजनाओं का राजनीतिक-संगठनात्मक संवाद कायम रखने की चुनौती है।

गुरुग्राम में रेप केस की धमकी देकर बॉयफ्रेंड से ₹90 लाख ऐंठे

डेटिंग एप पर दोस्ती, 3 साल रिलेशन में रही, फिर किया ब्लैकमेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

पुलिस ने बॉयफ्रेंड को रेप केस में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने में 24 वर्षीय युवती को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान पश्चिम बंगाल निवासी सूर्यदीता दास के रूप में हुई है। वह गुरुग्राम के सुशांत लोक में रहती थी।

पुलिस के अनुसार, उसके बैंक खाते में 95 लाख रुपये जमा मिले हैं, जिसे सीज कर दिया गया है। कोर्ट ने आरोपी को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। एसीपी क्राइम नवीन शर्मा ने बताया कि सेक्टर-47 निवासी अंकित की तीन साल पहले एक डेटिंग एप के जरिए युवती से मुलाकात हुई थी। दोनों के बीच दोस्ती के बाद रिलेशनशिप शुरू हो गया। इस दौरान दोनों कई बार साथ घूमे और उनके बीच शारीरिक संबंध भी बने। आरोप है कि कुछ समय बाद युवती युवक को धमकाकर पैसे मांगने लगी। उसने पैसे नहीं देने पर रेप का मुकदमा दर्ज कराने और बदनाम करने की धमकी दी। युवक का आरोप है कि वह अब तक करीब 90 लाख रुपये दे चुका था, लेकिन युवती की मांग लगातार बढ़ती रही। परेशान युवक ने पुलिस को शिकायत दी। क्राइम ब्रांच ने जाल बिछाकर युवक के जरिए युवती को सेक्टर-47 के एक कैफे में 50 हजार रुपये लेने बुलाया। नकदी लेते ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब जांच कर रही है कि बैंक खाते में मिले 95 लाख रुपये इसी युवक से लिए गए हैं या उसने किसी और को भी ब्लैकमेल किया है।

वित्त मंत्रालय के सूत्रों द्वारा दी गई जानकारी

जीएसटी दरों में बदलाव साल में एक बार 17 दिन में रिफंड देने पर परिषद में विचार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता और राज्यों के वित्त मंत्रियों वाली जीएसटी परिषद ने पिछले साल सितंबर में कर दरों और स्लैब को तर्कसंगत बनाने का निर्णय किया था। चार स्लैब वाले जीएसटी (पांच, 12, 18 और 28 प्रतिशत) को बदलकर पांच और 18 प्रतिशत की दो-दर वाली व्यवस्था लागू की गई थी।

- सभी बदलाव एक अप्रैल से लागू किए जाएंगे

जीएसटी की कर दरों में बदलाव के प्रस्तावों पर साल में केवल एक बार विचार करने और सभी संशोधनों को नए वित्त वर्ष की शुरुआत से लागू करने के प्रस्ताव पर जीएसटी परिषद की आगामी बैठक में चर्चा होगी। इसके अलावा, कर रिफंड की समयसीमा घटाकर 17 दिन करने के प्रस्ताव पर भी विचार होगा। वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

खास बातें

- पिछले साल सितंबर में कर दरों व स्लैब पर लिया गया था निर्णय
- चार स्लैब वाली व्यवस्था को बदलकर दो स्लैब वाली की गई थी



आठ अक्टूबर को 57वीं जीएसटी परिषद की बैठक

वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि आठ अक्टूबर को होने वाली 57वीं जीएसटी परिषद की बैठक के एजेंडा में कर दरों में बदलाव शामिल नहीं है। सूत्रों ने कहा कि भविष्य में दरों में बदलाव के प्रस्ताव साल में एक बार ही लाए जाएंगे और उन्हें एक अप्रैल यानी नये वित्त वर्ष से लागू किया जाएगा।

पांच फीसदी की एकल जीएसटी दर लागू होगी

आगामी बैठक में दरों को तर्कसंगत बनाने और अस्पष्टता दूर करने से जुड़े सीमित मुद्दों पर विचार किया जाएगा। अन्य प्रस्तावों के तहत परिषद यह मंजूर कर सकती है कि ई-कॉमर्स मंच के जरिये की जाने वाली आपूर्ति पर इनपुट टैक्स क्रेडिट के बिना पांच प्रतिशत की एकल जीएसटी दर लागू होगी।

पूंजीगत व्यय की योजना बनाने में मदद मिलती है

एक सूत्र ने कहा, ज्यादातर कारोबारियों के लिए किसी एक रियायत से अधिक महत्वपूर्ण निश्चितता है। उन्होंने कहा कि स्थिर कर दर व्यवस्था से अनुबंधों की पूरी अवधि के लिए कीमत तय करने और पूंजीगत व्यय की योजना बनाने में मदद मिलती है।"

अर्थव्यवस्था को हुआ लाभ

सूत्रों ने कहा कि पिछले साल पुनर्गठित जीएसटी करीब एक साल से लागू है और इससे उपभोक्ताओं, उद्योग, कर राजस्व तथा अर्थव्यवस्था को लाभ हुआ है। पिछले साल जीएसटी दरों को तर्कसंगत बनाए जाने से खपत को बढ़ावा मिला है और जीएसटी राजस्व में भी वृद्धि हुई है। इस साल जून से मासिक जीएसटी राजस्व में दहाई अंक में वृद्धि हुई है।

कर वापसी 17 दिन में सुनिश्चित करने का प्रस्ताव

इस सप्ताह होने वाली बैठक में जीएसटी में व्यापक सुधारों के तहत कर रिफंड की समयसीमा घटाकर 17 दिन कर सकती है। फिलहाल जीएसटी रिफंड में 21 से 45 दिन का समय लगता है। इसके साथ ही करदाताओं को नोटिस जारी करने के मामले में एक समान मानक बनाने और एक निर्धारित सीमा से नीचे के मामलों में कोई नोटिस नहीं देने के प्रस्ताव पर भी जीएसटी परिषद विचार करेगी।

उत्तर रेलवे ने मंडलों में सुरक्षा एवं गुणवत्ता सुधार शिविरों का आयोजन किया

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। इस प्रतिबद्धता के अनुरूप, सुरक्षा और गुणवत्ता में सुधार पर केंद्रित शिविर उत्तर रेलवे के उन प्रयासों का हिस्सा हैं, जिनका उद्देश्य बुनियादी ढाँचे के उन्नयन कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने के साथ-साथ विभिन्न विभागों के रेलकर्मियों के बीच सुरक्षा और समन्वय को मजबूत करना है। सुरक्षा को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से हाल ही में उत्तर रेलवे के फिरोजपुर और अंबाला मंडलों में सुरक्षा एवं गुणवत्ता सुधार शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य 2×25 केवी उन्नयन (अपग्रेडेशन) कार्यों के निष्पादन के दौरान सुरक्षित कार्य पद्धतियों को बढ़ावा देना और गुणवत्ता मानकों का पालन सुनिश्चित करना था। फिरोजपुर मंडल में यह शिविर जालंधर में आयोजित किया गया, जिसमें रेलवे कर्मचारियों, प्रोजेक्ट यूनिट के



कर्मचारियों, ट्रैक्शन डिस्ट्रीब्यूशन (टीआरडी) स्टाफ और प्रोजेक्ट यूनिट के अधिकारियों सहित कुल 123 कर्मचारियों ने भाग लिया। इस दौरान फाउंडेशन कास्टिंग (बुनियाद की ढलाई) के समय बरती जाने वाली सुरक्षा सावधानियों और गुणवत्ता जाँचों पर व्यावहारिक प्रदर्शन (प्रैक्टिकल डिमॉन्स्ट्रेशन) दिए गए।

त्योहारी सीज़न विदेश घूमने का सपना होगा पूरा, आईआरसीटीसी ले चलेगा थाईलैंड

जयपुर। इस बार दशहरा–दीपावली की छुट्टियां सिर्फ घर पर नहीं, विदेश में भी मनाई जा सकती हैं। आईआरसीटीसी का जयपुर क्षेत्रीय कार्यालय पर्यटकों के लिए विशेष अंतरराष्ट्रीय टूर पैकेज 'एक्जॉटिक थाईलैंड एक्स जयपुर' लेकर आया है। इस पैकेज के तहत यात्रियों को जयपुर से सीधे थाईलैंड की यात्रा कराई जाएगी। टिकट, होटल, भोजन, घूमना-फिरना, गाइड और बीमा सहित यात्रा से जुड़ी प्रमुख सुविधाएं एक ही पैकेज में शामिल हैं। यात्रियों को अलग-अलग बुकिंग की झंझट नहीं होगी और पूरी यात्रा के दौरान आवश्यक व्यवस्थाएं आईआरसीटीसी द्वारा की जाएंगी। आईआरसीटीसी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक *श्री मुकेश सैनी* ने कहा, "बहुत से परिवार विदेश घूमना चाहते हैं, लेकिन योजना और खर्च की उलझन में रुक जाते हैं। इस पैकेज में हमने पूरी यात्रा की जिम्मेदारी अपने हाथ में ली है। पर्यटकों को बस अपना पासपोर्ट तैयार रखना है।" थाईलैंड पैकेज 'एक्जॉटिक थाईलैंड एक्स जयपुर' दिनांक 17 से 22 नवंबर 2026 तक चलेगा। इसमें यात्रियों को दिल्ली जाने की जरूरत नहीं होगी। 17 नवंबर की रात जयपुर से एयर एशिया की सीधी उड़ान बैंकॉक के लिए रवाना होगी। पटाया में पहली ही शाम दुनिया भर में मशहूर *अल्काजार शो* दिखाया जाएगा। अगले दिन स्पीड बोट से थाईलैंड की खाड़ी के नीले पानी को पार करते हुए *कोरल आइलैंड की सैर होगी। बैंकॉक में पर्यटक *रिक्लाइनिंग बुद्धा* और *गोल्डन बुद्धा मंदिर* देखेंगे। रात को *चाओ फ्राया नदी* पर जगमगाते क्रूज में डिनर का आनंद लिया जाएगा।बच्चों और परिवारों के लिए *सफारी वर्ल्ड और मरीन पार्क* का पूरा दिन रखा गया है। यात्रा के आखिरी दिन पर्यटकों को खरीदारी के लिए खाली समय भी मिलेगा।शाकाहारी और भारतीय भोजन पसंद करने वाले यात्रियों के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है।

रुपया आठ पैसे टूटकर 96.43 प्रति डॉलर पर

मुंबई। रुपया मंगलवार को आठ पैसे टूटकर 96.43 (अस्थायी) प्रति डॉलर के स्तर पर रहा। विदेशी पूंजी की लगातार निकासी और अमेरिका-ईरान समझौते को लेकर अनिश्चितता के बीच रुपये पर दबाव रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, हालांकि, वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और डॉलर के कमजोर होने से रुपये का नुकसान सीमित रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 96.29 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 96.29 से 96.45 के बीच रहा। कारोबार के अंत में रुपया 96.43 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से आठ पैसे की गिरावट है।



कमजोर खुदरा मांग से सोना 200 रुपये टूटा, चांदी स्थिर

सोना टूटकर 1,49,600 रुपये प्रति दस ग्राम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 200 रुपये टूटकर 1,49,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। कमजोर खुदरा मांग और डॉलर में मजबूती के कारण सोने की कीमत पर दबाव रहा। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना सोमवार को 1,49,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में 2.27 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, यह कीमत सभी करों सहित है।एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''पितृ पक्ष के दौरान कमजोर वैश्विक संकेतों और खुदरा मांग में कमी के कारण घरेलू बाजार में सोने की कीमत में गिरावट आई।'' गांधी ने कहा कि पितृ पक्ष के दौरान लोग परंपरागत रूप से सोने, आभूषण, संपत्ति या अन्य महंगी वस्तुओं जैसी शुभ चीजें खरीदने से बचते हैं।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 10,000 करोड़ रुपये के एसएमई कोष को मंजूरी दी

नई दिल्ली (भाषा)। सरकार ने मंगलवार को लघु एवं मझोले उद्यमों (एसएमई) में प्रत्यक्ष इक्विटी निवेश के इरादे से 10,000 करोड़ रुपये का एसएमई वृद्धि कोष स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। इसका मकसद भविष्य के दिग्गज उद्यम तैयार करने में मदद करना है। एसएमई वृद्धि कोष (एसजीएफ) भारत के लघु और मझोले उद्यमों के लिए वृद्धि आधारित पूंजी को बढ़ावा देगा। साथ ही यह विनिर्माण, सेवाओं, प्रौद्योगिकी, नवाचार आधारित क्षेत्रों और रणनीतिक मूल्य श्रृंखलाओं में अग्रणी भारतीय उद्यम तैयार करेगा। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि मंत्रिमंडल ने ''भविष्य के दिग्गज उद्यम तैयार करने के लिए लघु एवं मझोले उद्यमों में प्रत्यक्ष इक्विटी निवेश के लिए 10,000 करोड़ रुपये के एसएमई ग्रोथ फंड की स्थापना'' को मंजूरी दी है। इस कोष की घोषणा आम बजट 2026-27 में की गई थी। इस पहल के तहत सरकार एसजीएफ ढांचे के तहत स्थापित वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) में कुल 10,000 करोड़ रुपये का योगदान देगी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि एसजीएफ का संचालन एमएसएमई मंत्रालय और वित्त मंत्रालय के सहयोग से किया जाएगा। दीर्घकालिक पूंजी उपलब्ध कराकर यह पहल भारतीय एसएमई को परिचालन का दायरा बढ़ाने, प्रौद्योगिकी तथा विनिर्माण क्षमता में निवेश करने, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में विस्तार करने, वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं से जुड़ने और रणनीतिक निवेश करने में सक्षम बनाएगी।

आरबीआई आज करेगा मौद्रिक नीति की घोषणा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण मुद्रास्फीति का दबाव बढ़ने के बीच भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) बुधवार को अपनी द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करेगा। कई विशेषज्ञों ने करीब साढ़े तीन साल बाद रेपो दर में बढ़ोतरी की उम्मीद जताई है। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय बैठक खत्म होने के बाद बुधवार सुबह 10 बजे नीतिगत निर्णयों की जानकारी देंगे। मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर बढ़ाई जाती है तो यह आरबीआई के नीतिगत रुख में बदलाव को दर्शाएगी। केंद्रीय बैंक ने 2025 में चार बार में कुल 1.25 प्रतिशत की कटौती की थी। हालांकि, उसके बाद लंबे समय तक दरों को स्थिर रखा गया है।

DATE OF ORDER : 07.07.2026
DATE OF ISSUE : 25.08.2026
NEXT DATE OF HEARING : 13.10.2026

PROCLAMATION REQUIRING ATTENDANCE OF DEFENDANT
(Order 5 Rule 20 of the Code of Civil Procedure)

In the Court of MS. SAKSHI JAISWAL, LD. CIVIL JUDGE (NORTH) at Room No. 218, ROHINI Court Complex, New Delhi

SUMESH KUMAR VS SUDESH & ORS.
CS SCJ 104/2020

To,
1. SMT. SUDESH W/o LATE SH. SURESH KUMAR R/O KANSALA (49) KANSALA. ROHTAK, HARYANA
2. SH. YOGESH S/O SH. SURESH KUMAR R/O KANSALA (49) KANSALA, ROHTAK, HARYANA
3. SMT. UPMA W/O SH. SANDEEP D/o LATE SH. SURESH KUMAR R/o VILLAGE GORWAR GORWAR (97) GIRWAR ROHTAK HARYANA

WHEREAS you are intentionally avoiding service of summons it is hereby notified that if you shall not defend the case on the 13-10-2026 at 10:00 am fixed for the final disposal, it will be heard and determined ex-parte.

Given under my hand and the seal of the Court, this 25-08-2026

Civil Judge (North)
Rohini Courts, New Delhi

रिलायंस ने भारत में किए 7-इलेवन के सभी स्टोर बंद

नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज की खुदरा इकाई रिलायंस रिटेल ने टेक्सास मुख्यालय वाली खुदरा बिक्री श्रृंखला 7-इलेवन के साथ पांच साल का फ्रेंचाइजी करार पूरा होने के बाद भारत में उसके सभी स्टोर बंद कर दिए हैं। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उद्योग सूत्रों ने कहा कि इन स्टोर के बंद होने के साथ ही खुदरा बिक्री श्रृंखला 7-इलेवन की भारत में मौजूदगी खत्म हो गई है।

कच्चे तेल में गिरावट से शेयर बाजार में रही दूसरे दिन तेजी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कच्चे तेल के दाम घटकर 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आने और बैंकों एवं रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में जोरदार लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार मंगलवार को लगातार दूसरे दिन चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स में 685 अंक और निफ्टी में 220 अंक की तेजी रही। बाजार की तेजी में निवेशकों को हुआ 3.61 लाख करोड़ रुपए का लाभ। विश्लेषकों के मुताबिक, वैश्विक बाजारों के मजबूत संकेतों और कच्चे तेल में नरमी से निवेशक धारणा बेहतर हुई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 685.34 अंक चढ़कर 73,067.81 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 220.35 अंक बढ़कर 22,776.10 अंक पर बंद हुआ।

- सेंसेक्स 685 और निफ्टी 220 अंक चढ़ा

आलोक तिवारी, आईआरएसई को डीएफसीसीआईएल के मैनेजिंग डायरेक्टर का अतिरिक्त प्रभार मिला

नई दिल्ली। श्री आलोक तिवारी, आईआरएसई, एडिशनल मेंबर (ब्रिज), रेलवे बोर्ड को उनकी वर्तमान जिम्मेदारियों के अतिरिक्त डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (डीएफसीसीआईएल) के मैनेजिंग डायरेक्टर पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उन्होंने 5 अक्टूबर, 2026 को कार्यभार ग्रहण किया। डीएफसीसीआईएल कॉरपोरेट ऑफिस में श्री शोभित भटनागर, डायरेक्टर/ओपी एंड बीडी; श्री अनुराग शर्मा, डायरेक्टर/इन्फ्रास्ट्रक्चर; श्री पवन के. राय, डायरेक्टर/प्रोजेक्ट प्लानिंग; तथा श्री बी. मुगुनथन, डायरेक्टर/फाइनेंस सहित डीएफसीसीआईएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। 1988 बैच के आईआरएसई अधिकारी श्री तिवारी को भारतीय रेलवे में 36 वर्षों से अधिक का अनुभव है। उन्हें रेलवे अवसंरचना की योजना, परियोजना क्रियान्वयन, निर्माण, सुरक्षा, माल ढुलाई संचालन और प्रशासन का व्यापक अनुभव प्राप्त है। वे परियोजना के संपूर्ण जीवन-चक्र से जुड़े



रहे हैं और 1,000 किलोमीटर से अधिक रेलवे अवसंरचना के निर्माण एवं कमीशनिंग का प्रत्यक्ष रूप से कार्य कर चुके हैं। अपने कार्यकाल के दौरान श्री तिवारी ने कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है, जिनमें चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे; प्रिंसिपल चीफ सेफ्टी ऑफिसर, दक्षिण पश्चिम रेलवे; डिविजनल रेलवे मैनेजर, गुंतकल; तथा चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर-कम-ग्रुप जनरल मैनेजर, आरवीएनएल शामिल हैं।

TENDER NOTICE

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आयुक्त, मनरेगा-कम-निदेशक एवं विशेष सचिव ग्रामीण विकास विभाग हरियाणा चंडीगढ़ कार्यालय के पत्र क्रमांक MGNREGA-FM-2025/9179 दिनांक 02.02.2025 के द्वारा प्राप्त निर्देशनुसार खण्ड सफीदों, जिला जींद में VB-G-RAM- G/MGNREGA के तहत करवाए जाने वाले पक्के कार्यों जैसे कि भवन निर्माण, रेटाइनिंग वाल, कंपाउंड वाल, खड़ंजा ईंटों से रास्ता निर्माण इत्यादि में प्रयुक्त होने वाली सामग्री (जैसे सीमेंट, क्रेसर रेती, जमना रेती, रोड़ी वापसी पेवर ब्लॉक, ईंट इत्यादि) के लिए खंड स्तर पर वेंडर तय किये जाना है। उपायुक्त महोदय-कम-अध्यक्ष, जिला स्तरीय खरीद कमेटी, जींद के पत्र कमांक PRJ-2026/531-539 दिनांक 11.02.2026 द्वारा सामग्री के DC रेट निर्धारित किए गए हैं। उक्त DC रेटों से कम रेट पर गैटियरियल उपलब्ध करवाने वाले स्पलायर / वेंडर / फर्म अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में दिनांक 30.10 2026 तक लिखित रूप में कुटेशन/मूल्य सूची दर VB-G-RAM- G/MGNREGA शाखा प्रथम तल कमरा न. 01 में देना सुनिश्चित करें। उक्त कुटेशन अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में खंड स्तरीय खरीद कमेटी के समक्ष दिनांक 06-11-2026 को प्रातः 11:00 बजे खोली जाएगी।

हस्ता/-प्रोग्राम अधिकारी वीबी जी राम-जी-कम-
खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, खण्ड सफीदों।

उत्तर रेलवे
ई–निविदा सूचना

क्र. सं.	निविदा संख्या	कार्य का विवरण	निविदा खुलने की तिथि, समय	अनुमानित लागत रुपये	धरोहर राशि रुपये	कार्य पूरा करने की अवधि
1	OT-33/ 2026-27	सिगनलिंग वर्क इन कनेक्शन विद (i) अंबाला डिवीजन टी टी आर (टी डब्ल्यू एस + सी एम एस सी) – 40 सेट, टी टी आर (एफ एस + टी डब्ल्यू एस + डब्ल्यू सी एम एस सी) –13 सेट्स, टी टी आर (टी डब्ल्यू एस) – 65 सेट्स, टी टी आर (टी एस आर) – 110 सेट्स & टी टी आर (सी एम एस सी) – 25 सेट्स। (ii) यार्ड इम्प्रूवमेंट ऑफ के एल के यार्ड अंडर जुरिसडिक्शन ऑफ ए. डी. ई. एन./ एस. एम. एल। (iii) राजपुरा – धूरी (डी एन) – टी. एस. आर (पी) – 13.625 टी के एम। (iv) टी. एस. आर (पी) – 48.363 के एम वर्क ओवर राजपुरा – धुरी अप लाइन सेक्शन। (v) सहारनपुर – अंबाला टी. एस. आर (पी) – 14.583 टी के एम & अंबाला – राजपुरा – टी. एस. आर (पी) – 1.000 टी. के. एम। (vi) यार्ड इम्प्रूवमेंटवर्क इन 35 यार्ड्स अंडर सीनियर डी ई एन–02 अंबाला डी ओ सी, पी टी ए, डी बी एन, एन बी ए, डी एन एक्स, आर पी एच आर, बी एक्स सी, यू के एन, जी आर एन, जी आई एल एल, क्यू आर पी, ए एच एच, के यू पी, एम ई टी, एच एम आई, बी एस एस, एस ए जी, एस एफ एम यू, सी जे एल, एल एच ए, ए बी एस, पी के के, पी जे के, एच एम के, एफ टी एच, बी टी आई सी, बी टी आई, एम ओ टी, बी एच एक्स, जी डी बी, पी यू एल, एच वाई ए, एस ई क्यू, एल एच एम और बी एन एन।	30.10.2026 at 15:00 Hrs.	Rs. 7,30,23,427.84/-	Rs. 14,60,500/-	270 Days

नोटः– 1. वरि. मंडल सिग. एवं टेली. इंजी./उ.रे., डी.आर.एम. ऑफिस, रेल विहार, अम्बाला छावनी के द्वारा इच्छुक निविदाकारों से उपरोक्त संदर्भित कार्यों हेतु खुली निविदा दशार्यी गयी तिथि अनुसार 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाकारों के द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज की स्कैन प्रतिलिपि अपलोड करें। 2. टेन्डर डाकूमेंटस व निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे बेवसाईट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें। 3. निविदाकारों को ई–टेण्डरिंग में भाग लेने के लिए उनके पास क्लास–III डिजीटल सिगनेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा उन्हें उपरोक्त साइट पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। निविदाकारों से निवेदन है कि टेन्डर नोटिस और टेन्डर डाकूमेन्टस में दी गई हिदायतों/शर्तों इत्यादि को टेन्डर डालने से पहले भली भांति पढ़ लें।

संख्याः एस.डब्लू/सिग/अंबाला/एन.आई.टी–10–2026–27 दिनांकः 06.10.2026 3464/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

ज्योतिष
कहते नहीं करके दिखाते है
सभी समस्याओं का समाधान
जैसा चाहोगे करके दूगां
कारोबार, प्यार में परेशानी, दुश्मन से छुटकारा, गृहक्लेश, पति-पत्नी के झगड़े, लव मैरिज, प्रोपटी, कोर्ट केस, किया कराया, जादू टोना, मनचाही इच्छा
A to Z समस्या का समाधान
स्पेशलिस्टः मनचाहा प्यार, प्रेम-विवाह
पंडित पी. के. शास्त्री
हमारे किये हुए काम को कोई ज्योतिष, पंडित या मौलवी काट दे तो उसे मुंह मांगा ईनाम।
काम ना होने पर पैसे वापस
+91 99974 92579

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

राशिफल

मेष मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

वृष व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

मिथुन भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

कर्क क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

सिंह नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

कन्या धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

तुला व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

वृश्चिक क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।


धनु पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मकर आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

कुंभ कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

मीन शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

शब्द पहेली - 6370



बाएँसेदाए±
1. बादलों की गड़गड़ाहट-4
3. नीरस, रस विहीन-4
8. नेपाल की इस नायिका ने फिल्म 'सौदागर' से अपना कैरियर शुरु किया था-3,4
10. कंठस्थ करना-3
11. जुड़वा-3
13. उक्ति, काव्य कृति-3
15. आने वाला दिन-2
17. पर, पराया, दूसरा-2
18. हाथ-2
19. कविता लिखने वाल-2
21. बजाने वाला-3
25. कक्ष, रूम-3
26. ठिकाना, नीड़-3
27. हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री-5,2
30. अभिप्राय-4
31. आतंकित होना-4

ऊपर से नीचे
2. तरुणाई, लड़कपन-3
4. सहायता, आधार-3
5. बीताना, यापन करना-4
6. दिखावा, पाखंड-4
7. जरुरत, स्वार्थ-3
8. राजी करना-3
9. योग्य-3
12. मसलना-3
13. इस चौथ को सुहागिन पति की रक्षा हेतु उपवास रखती हैं-3
14. सुगंध, लास-3
16. रोकड़ राशि-3
20. रुकना, स्थिर होना-3
22. विजय दशमी -4
23. भोर, सवेरा-3
24. सना हुआ, तर-4
25. छल, धोखा-3
28. अनुकृति-3
29. श्रंगार -3

शब्द पहेली - 6369 का हल

अ	ति	आ	ब	श्य	क		का	रा	बा	स
ज	ल		र		म	छ	ली		र	मा
र		अ	दा	का	र		न	र		धा
अ	र	मा	न		बं	द		ज	मी	न
म		न		म	द	म	स्त		रा	
र	ज	त	प	ट		क	र	म	ज	ला
	प		ट	क	रा	ना		स		ल
मु	ना	दी		ना	ग		द	ल	ह	न
ला		प	री		गा	ड़ी	बा	न		पा
का	का		त	न	य		घ		न	ल
त	र	सा	ना		न	ग	र	भ	व	न



खबर संक्षेप

दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटके

नई दिल्ली। उत्तराखंड के चमोली जिले में मंगलवार रात 4.9 तीव्रता का भूकंप आने के बाद दिल्ली और आस-पास के इलाकों में इसके झटके महसूस किये गए। भूकंप की गतिविधियों पर नजर रखने वाली सरकारी एजेंसी, राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के अनुसार, भूकंप का केंद्र उत्तराखंड के चमोली में 13 किमी की गहराई में था। एनसीएस के अनुसार, रिक्टर स्केल पर 4.9 तीव्रता वाला यह भूकंप रात 10:23 बजे आया।

5 राज्यों में उपचुनाव खत्म तमिलनाडु और नंदीग्राम में सबसे ज्यादा वोटिंग

नई दिल्ली। असम की एक लोकसभा और 3 राज्यों की 5 विधानसभा सीटों पर मतदान खत्म हो गया है। असम की नगांव लोस सीट के साथ बंगाल की रेजीनगर और नंदीग्राम, तमिलनाडु की मदुरांतकम और धारापुरम, पुदुचेरी की थट्टांचावडी विधानसभा सीटों पर मतदान खत्म हो चुका है। असम की नगांव लोस सीट 76.16 फीसदी, पुदुचेरी की थट्टनचावडी विस सीट पर 80.81, तमिलनाडु की मदुरांतकम विस सीट 85.98,बंगाल रेजीनगर विस सीट पर 9.90 और नंदीग्राम विस सीट पर 80.69 फीसदी मदतान हुआ।

असमः भीषण हादसे में परिवार के तीन की मौत

गुवाहाटी। असम के कामरूप महानगर जिले में मंगलवार को राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर एक तेज रफ्तार कार के सड़क की रेलिंग से टकराने से एक महिला समेत एक परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अधिकारी ने बताया कि हादसा खेतड़ी इलाके में हुआ, जब कार गुवाहाटी से नगांव जा रही थी। तीन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है।

राजस्थानः कोटा में बीटेक छात्र की हत्या

कोटा। राजस्थान के कोटा में बीटेक की पढ़ाई कर रहे 18 वर्षीय एक छात्र की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। पुलिस को शक है कि यह हत्या बदला लेने के लिए की गई क्योंकि छात्र ने पूर्व में किसी पर चाकू से हमला किया था। चश्मदीदों ने बताया कि सोमवार देर रात अनंतपुरा इलाके के पंडित दीनदयाल नगर रिहायशी इलाके में मोटरसाइकिल सवार पांच युवकों ने भुवनेश नागर पर घात लगाकर हमला किया।

पंजाब के मुख्य सचिव को हाईकोर्ट का नोटिस



चंडीगढ़। पंजाब में सरकारी मुलाजिमों-पेंशनर्स के बकाया डीए के मामले में पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने चीफ सेक्रेटरी केएपी सिन्हा को कंटेप्ट ऑफ कोर्ट का नोटिस जारी कर दिया है। हाईकोर्ट ने कहा कि सरकार ने कोर्ट में गलत जानकारी दी है। हाईकोर्ट के निर्देशों को लेकर याचिकाकर्ता के वकील एडवोकेट सनी सिंगला ने बताया कि कोर्ट ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। कोर्ट ने पंजाब के चीफ सेक्रेटरी को 9 अक्टूबर को व्यक्तिगत रूप से पेश होने के लिए तलब किया है।

तरनतारन में बस स्टैंड पर आप सरपंच की गोली मारकर हत्या

एजेंसी ▶▶| तरनतारन (पंजाब)

फायरिंग कर हमलावर भागे 50 लाख की फिरौती मांगी थी

पंजाब के तरनतारन में मंगलवार को आम आदमी पार्टी (आप) के एक सरपंच की गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। वह पट्टी हलके के तूत बस स्टैंड पर मौजूद थे, इसी दौरान अज्ञात हमलावरों ने उन पर फायरिंग कर दी। इसके बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। सरपंच के साथ मौजूद उनके एक साथी को भी गोली के छर्रे लगे हैं, जिसका इलाज चल रहा है। उसने बताया है कि बाइक पर दो लोग आए थे। उन्होंने 3 गोलियां मारीं। मौके पर मौजूद लोगों ने फटाफट सरपंच को





अस्पताल पहुंचाया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। उनकी पत्नी का कहना है कि उसने 50 लाख रुपए फिरौती मांगी जा रही है। इसे लेकर कई बार धमकी मिल चुकी थी। पुलिस अब हमलावरों की तलाश कर रही है। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है।

पंजाब में लड़कों से तंग आकर बीए की छात्रा ने फांसी लगाई

फरीदकोट । पंजाब के फरीदकोट में कॉलेज से लौटी एक छात्रा ने घर में आकर सुसाइड कर लिया। उसने अपने कमरे में जाकर चुन्नी से फंदा बनाया और पंखे पर लटक गई। जब युवती कमरे से बाहर नहीं आई तो परिजन को शक हुआ। इसके बाद ऊपर जाकर देखा तो घटना का पता चला। युवती की पहचान अदिति जैन (22) के रूप में हुई है। वह बीए फाइनल ईयर की छात्रा थी। परिजन का कहना है कि युवती ने बताया था कि उसे कुछ लड़के परेशान कर रहे हैं। पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है। फरीदकोट में मोहल्ला सेठियां में रहने वाली अदिति जैन के पिता अनिल जैन (61) ने पुलिस को बताया है कि उनकी बेटी अदिति काफी दिनों से परेशान रहती थी। मुझे बताया था कि 2-3 लड़के उसे काफी परेशान कर रहे हैं। अदिति ने मुझे लड़कों के नाम के बारे में कोई बात नहीं बताई।



फरीदकोट में कॉलेज से लौटकर पंखे पर लटक गई

यूपी में रास की आठ सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन, निर्विरोध की संभावना

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में राज्यसभा की आठ सीटों के लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों ने मंगलवार को नामांकन दाखिल किया। नामांकन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य समेत एक दर्जन से अधिक मंत्री, पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधायक मौजूद रहे। भाजपा ने उत्तर प्रदेश से रास के लिए आठ उम्मीदवारों के नाम घोषित किए थे। भाजपा ने धर्मपाल सिंह, राधाकांत ओझा, प्रकाश पाल, विद्यासागर सोनकर, गोपी कृष्ण पाण्डेय, प्रियंका सिंह रावत, राम प्रताप सिंह चौहान और श्रुति गंगवार को प्रत्याशी बनाया है। उत्तर प्रदेश की कुल 10 राज्यसभा सीटों के लिए 16 अक्टूबर को चुनाव होना निर्धारित है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार समाजवादी पार्टी ने दो उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं और तीसरा उम्मीदवार नहीं उतारने का फैसला किया है। ऐसे में भाजपा के आठ और सपा के दो उम्मीदवारों के निर्विरोध चुने जाने की स्थिति बन सकती है।

देहरादून में बुजुर्ग दंपती व नौकरानी की निर्मम हत्या

एजेंसी ▶▶| देहरादून

चोरी के इरादे से घुसे प्लंबर ने पेचकस से गोदकर की वारदात

रायपुर थाना क्षेत्र की विष्णु लोक कॉलोनी में मंगलवार दोपहर दिनदहाड़े घर में घुसे आरोपी ने लूट के विरोध पर बुजुर्ग दंपती और उनकी नौकरानी की पेचकस से गोदकर हत्या कर दी। वारदात के बाद भागने का प्रयास कर रहे आरोपी को पड़ोसियों ने दबोचकर पुलिस के हवाले कर दिया। विष्णु लोक कॉलोनी के मकान नंबर 16 में करीब दोपहर तीन बजे आरोपी दाखिल हुआ। उस समय 85 वर्षीय रमेश कपूर, उनकी 76 वर्षीय पत्नी रजनी कपूर और करीब 45 वर्षीय नौकरानी शीला घर में मौजूद थे।



आरोप है कि आरोपी ने रजनी कपूर के गले से चेन छीन ली। विरोध करने पर उसने पेचकस से उन पर कई वार कर दिए। केएस कपूर ऑर्डिनेंस फैक्टरी से रिटायर्ड थे। रजनी की चीख सुनकर नौकरानी शीला पहुंची तो आरोपी ने उस पर भी हमला कर दिया।

देश के कई राज्यों में बारिश अभी भी बनी आफत

यूपी के तीन जिलों में ओले गिरे, लखनऊ में मंदिर डूबे

सड़कों पर कई फीट पानी और आमजन परेशान

पहाड़ों पर बारिश के बाद नदियां उफान पर रहीं

एजेंसी ▶▶| लखनऊ/पटना

मप्र-बिहार समेत 9 राज्यों में बारिश का अनुमान, पहाड़ों पर बारिश के बाद नदियां उफान पर रहीं, राज्य सरकार ने प्रशासन को लोगों को तुरंत मदद पहुचाने के अफसरों आदेश दिए

देश के कई राज्यों में बारिश अभी भी आफत बन रही है। यूपी-बिहार के कई जिलों में सोमवार देर रात जमकर बारिश हुई। इससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सड़कों और निचले इलाकों में पानी-पानी हो गया। उधर मप्र के 9 जिलों में चक्रवात के असर के चलते अगले 4 दिन बारिश होने का अनुमान है। उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब, बिहार, यूपी, हिमाचल, छत्तीसगढ़ और झारखंड में भी बारिश की संभावना है। यूपी के बाराबंकी, प्रतापगढ़ और सुल्तानपुर में सोमवार रात आंधी-बारिश के साथ ओले गिरे। आंधी से पेड़-बिजली के पोल गिर गए। पहाड़ों पर बारिश के बाद 10 नदियां उफान पर हैं। लखनऊ-सीतापुर समेत 11 जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। लखनऊ में गोमती नदी का जलस्तर लगातार 8वें दिन बढ़ रहा है।

उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब, बिहार, यूपी, हिमाचल, छत्तीसगढ़ और झारखंड में भी बारिश की संभावना



40 हजार घरों में 4-5 फीट पानी भरा

लखनऊ के फैजुल्लागंज में करीब 40 हजार घरों में 4-5 फीट पानी भर गया है। बाढ़ का पानी मां चंद्रिका देवी मंदिर और हनुमंत धाम परिसर में भी पहुंच गया। लेटे हनुमान मंदिर के गर्भगृह में करीब 20 साल बाद पानी पहुंचा है। इससे पहले 2006 में ऐसी स्थिति बनी थी। एमपी के इंदौर में तापमान 35 डिग्री पर पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों में तापमान 37 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच सकता है। मौसम केंद्र भोपाल के मुताबिक, मंगलवार को पन्ना, सतना, रीवा, मैहर, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली और शहडोल में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश होने का अनुमान है। 7 और 8 अक्टूबर को भी यहां बारिश हो सकती है।

बिहार में बाढ़ से 8 लाख प्रभावित

सूबे में छह जिलों के करीब 466 गांव बाढ़ की चपेट में



बिहार में 6 जिलों के करीब 466 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। बाढ़ से करीब 8 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। करीब 92,730 बाढ़ पीड़ितों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। सारण में करीब 3.55 लाख लोग इससे प्रभावित हैं। बिहार के खगड़िया में गंगा के जलस्तर में फिर से हो रही बढ़ोतरी के चलते बाढ़ का पानी इलाकों में आ गया है। उधर, बिहार के छपरा में राशन बांटने के दौरान विवाद होने पर पुलिसकर्मी ने बाढ़ पीड़ितों पर पिस्टल तान दी। वीडियो आने के बाद उन्हें सस्पेंड कर दिया गया है।

पुलिस नोटिस भेज रही, आंदोलन में शामिल नहीं होने का दबाव बना रही

एजेंसी ▶▶| छत्रपति संभाजीनगर

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेता अभिजीत दीपके ने मंगलवार को आरोप लगाया कि महाराष्ट्र के चंद्रपुर में पुलिस कॉजपा कार्यकर्ताओं को नोटिस जारी कर रही है और उन्हें 10 अक्टूबर को दिल्ली में होने वाले प्रदर्शन में शामिल नहीं होने के लिए दबाव डाल रही है। उन्होंने सवाल किया कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस 'योगी आदित्यनाथ 2.0' बनने की कोशिश क्यों कर रहे हैं। पुलिस की कार्रवाई को 'तानाशाही'' बताते हुए उन्होंने कहा कि फडणवीस को अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के लिए पुलिस का ''दुरुपयोग'' नहीं करना चाहिए। महाराष्ट्र के संभाजीनगर शहर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दीपके ने भाजपा)नीत

कॉकरोचों से मांगा हिसाब जाने का पैसा किसने दिया?



सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 'एक देश, एक चुनाव' महज एक नारा है और मंशा ''एक देश, एक राजनीतिक दल'' की है। कॉजपा ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर 10 अक्टूबर को राष्ट्रीय राजधानी के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन का प्रस्ताव रखा है।

आगरा में सीईसी के पैतृक घर को गंगाजल से किया शुद्ध

कांग्रेसियों ने पोती थी कालिख



आगरा। देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के पैतृक घर पर बीते दिनों कांग्रेस नेताओं ने कालिख पोती थी । अखिल भारतीय माथुर वैश्य महासभा ने घर का गंगाजल से शुद्धिकरण और सुंदर कांड का पाठ किया। आगरा में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के विजय नगर स्थित पैतृक आवास पर अखिल भारतीय माथुर वैश्य महासभा द्वारा शुद्धिकरण कार्यक्रम किया गया। महासभा ने नई विजय नगर से उनके आवास तक कलश यात्रा भी निकाली।

आकाश को पार्टी से अलग करने की नौबत नहीं आएगीः मायावती

भाषा ▶▶| लखनऊ



बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनन्द को पार्टी में फिर से शामिल किये जाने के एक दिन बाद कहा कि उनको पूरा भरोसा है कि अशोक सिद्धार्थ (आकाश के ससुर) के राजनीति से संन्यास लेने के बाद अब ऐसी कोई भी स्थिति पैदा नहीं होगी कि पार्टी को फिर से उन्हें (आकाश को) अलग करना पड़े। मायावती ने सोमवार को एक बार फिर अपना फैसला बदलते हुए अपने भतीजे आकाश आनन्द को पार्टी में वापस शामिल कर लिया और उन्हें बसपा का राष्ट्रीय संयोजक नियुक्त किया था। बसपा प्रमुख ने मंगलवार को अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर एक पोस्ट में कहा,''आकाश आनंद को कल सोमवार को बसपा में फिर से शामिल करके पार्टी का पुनः राष्ट्रीय संयोजक बनाया गया है।'' उन्होंने कहा कि आज अधिकांश मीडिया में इस बात को काफी बढ़ा-चढ़ाकर पेश करते हुए कहा गया है कि 'आकाश आनंद को चार बार पार्टी से निकालकर अब पुनः पार्टी में शामिल कर लिया गया है' और उनको फिर से पार्टी का राष्ट्रीय संयोजक बनाया गया है। मायावती ने कहा, ''इस संबंध में मैं यह अवगत कराना चाहती हूं कि आकाश आनंद शादी होने से पहले से ही पार्टी में काफी सक्रिय भूमिका निभा रहे थे।

हाईवे पर वाहनों की निगरानी के लिए इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम क्यों नहींः सुको

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को सवाल किया कि राजमार्गों पर खड़े वाहनों का तुरंत पता लगा लेने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के पास इलेक्ट्रॉनिक निगरानी प्रणाली क्यों नहीं हो सकती। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने नवंबर 2025 में राजस्थान के फालोदी इलाके में हुए एक सड़क हादसे से जुड़े स्वतः संज्ञान वाले मामले की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। हादसे में 15 की जान चली गई थी। न्याय मित्र के रूप में शीर्ष अदालत की सहायता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता एएनएस नाडकर्णी ने हाल में हुए कुछ सड़क हादसों का जिक्र किया, जो राजमार्गों पर वाहनों को खड़ा किए जाने के कारण हुए थे।

राजस्थान में हुए सड़क हादसे से जुड़े मामले को स्वतः संज्ञान लिया था



अगली सुनवाई 13 अक्टूबर को होगी

पीठ ने कहा, एनएचएआई, जिसके पास सभी संसाधन मौजूद हैं, कोई ऐसी इलेक्ट्रॉनिक निगरानी प्रणाली क्यों नहीं तैनात कर सकती, जिससे राजमार्गों पर खड़ी की गई किसी भी गाड़ी का तुरंत पता लगाया जा सके? मामले में पेश अधिवक्ता ने कहा कि एनएचएआई के पास राजमार्गों पर गश्त की व्यवस्था है। पीठ को बताया गया कि इस मामले में कई अंतरिम आवेदन दायर किए गए हैं। मामले की अगली सुनवाई 13 अक्टूबर के लिए तय की।

GOVERNMENT OF MAHARASHTRA
EXECUTIVE ENGINEER
P. W. DIVISION NO. 1 NAGPUR
INVITATION FOR TENDERS
e-mail: div1nagpur.ee@mahapwd.com
E-Tender Notice No 35/RAC/2026-27

Online tenders in B-1 are invited by the Executive Engineer, Public Works Division No. 1, Nagpur for the following work from P.W.D. Registered Contractors. The name of work. estimated cost, time limit for completion etc. are as under.

SR No.	Name of Work	Estimated cost (Rs. In lakh)	Cost of Blank Tender Form	Time limit in Tender Calendar Months)
	Only for Unemployed Engineers			
1.	Replacement of roof & renovation to M/C No.1 at Ravibhavan, Nagpur	42.02	590/-	01 महिना
2	Replacement of roof & renovation to M/C No.2 at Ravibhavan, Nagpur	42.02	590/-	01 महिना
3	Repairs to Minister cottages No. 10 to 12 at Ravi bhavan, Nagpur	10.13	590/-	01 महिना
4.	Repairs to Minister cottages No. 13 to 15 at Ravi bhavan, Nagpur	10.13	590/-	01 महिना
5	Repairs to Minister cottages No. 16 to 17 at Ravi bhavan, Nagpur	10.13	590/-	01 महिना
6	Misc works at cottage no 13 & 14 in the premise of Nagbhavan, Nagpur	10.13	590/-	01 महिना
7	Misc works at cottage no 15 & 16 in the premise of Nagbhavan, Nagpur	10.13	590/-	01 महिना
8	Repairs & Providing Painting, Polishing, Sanitary and Other Misc. Works In Various Cabin Of New Anex Building (First & Second Floor) at Vidhanbhavan, Nagpur.	12.66	590/-	01 महिना
9	Providing Sanitary Repairs, Painting, Polishing, and Other Misc. work @ Barrack No. 1 To 5 at Vidhanbhavan, Nagpur.	12.66	590/-	01 महिना
10	Providing Sanitary Repairs, Painting, Polishing, and Other Misc. work @ Barrack No. 6 To 9 at Vidhanbhavan, Nagpur.	12.66	590/-	01 महिना
11	Repairs and Renovation to DCM 1 & DCM 2 Chamber & Anti Chamber and Misc. work at Vidhanbhavan, Nagpur.	14.77	590/-	01 महिना
12	Misc. Repair to sanitary and watersupply, Fitting,, flooring, ceiling doors and windows, painting and misc work At Suyog Press Reporter camp for RAC 2026 Nagpur	21.10	590/-	01 महिना
13	Repair to Sewer Line and New Ailignment For RAC 2026 at Suyog Building Nagpur.	16.88	590/-	01 महिना
14	ST BT to Internal Road in The Premises Of Vasantrao Naik Govt. Instt Of Arts And Social Science Nagpur. For RAC-2026	12.66	590/-	01 महिना
15	Providing and Applying Painting, Repairing Doors, Windows, Water Supply & Sanitary Arrangements and other misc. Work Internal Labour Before & After Assembly for Camp Arrangements & Clearing Premises & Removal of Debris for Running Assembly Camp 2026 at Driver Camp Home Guard Training Centre Rahate Colony, Nagpur	21.10	590/-	01 महिना
16	Misc Civil Repairs to floors, Doors and Repairs to Water Supply & Sanitary Arrangement including Internal Painting To Rooms, Store Rooms & General Bathroom in Wing No. 2, Ground Floor at MLA Hostel, Civil Lines, Nagpur For RAC-2026.	16.88.	590/-	01 महिना

1. Detailed tender notice can be seen on website https://mahatenders.gov.in https://mahapwd.gov.in
2. The terms and conditions of the tender shall be as indicated in the tender document.
3. If there are any changes in this tender notice, corrigendum's will be published on the above website.
4. The competent authorities reserve the right to reject or modify the tender in whole or in part without assigning any reason whatsoever.
5. The bidder shall submit the hard copy of tender document (Technical and financial Envelope) in sealed envelope within 3 days from last date of submission at the office of tender opening authority.
6. Post Qualification Criteria will be applicable for the said construction work.

O.W. No. 8809 dt. 30-09-2026

Sd/-Executive Engineer
P. W. Dn. No.1 Nagpur

संघ सरसंघचालक ने किया स्मृति भवन और माधव नेत्रालय का लोकार्पण

दूसरों के दुख को अपना समझना समाज की ताकतः भागवत

अनुरोध पटेरिया ▶▶| बालाघाट

कारंजा में सेवा की नई इबारत, गांव में खुला आंखों का अस्पताल

देवरस बंधुओं की स्मृतियां संजोएगा भवन

मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले के लांजी विकासखंड का ग्राम कारंजा मंगलवार को सेवा, संस्कार और सामाजिक सरोकार के बड़े आयोजन का साक्षी बना। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने यहां नवनिर्मित स्मृति भवन और माधव नेत्रालय का लोकार्पण किया। नेत्रालय के शुरू होने से कारंजा सहित आसपास के ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को आंखों की जांच और उपचार की सुविधा स्थानीय स्तर पर मिलने का रास्ता खुल गया है। डॉ. भागवत ने अपने संबोधन में सेवा और संवेदना को भारतीय समाज की बड़ी ताकत बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में दूसरों के दुख को अपना समझने और जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आने की परंपरा रही है। भारत की मिट्टी में ऐसी संवेदनशीलता है, जिसमें दूसरे के दुख को देखकर मन व्यथित होता है।



भागवत ने कहा कि भारत की मिट्टी में ऐसी संवेदनशीलता है, जिसमें दूसरे के दुख को देखकर मन व्यथित होता है। पिछले 200 वर्षों में भारत में अनेक ऐसे महापुरुष हुए हैं, जिन्होंने विश्व इतिहास में उल्लेखनीय योगदान दिया है। सेवा भावना का उल्लेख करते हुए उन्होंने स्मित मछवार की घटना का भी उदाहरण दिया। कारंजा में बनाया गया स्मृति भवन संघ के तृतीय सरसंघचालक बालासाहेब देवरस और उनके छोटे भाई एवं संघ प्रचारक भाऊराव देवरस के जीवन, विचार और सामाजिक योगदान की स्मृतियों को संजोने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। भवन में देवरस बंधुओं के कार्य और विचारों को भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है। ग्रामीणों को नहीं जाना पड़ेगा दूरसेवा न्यास के अंतर्गत स्थापित बालासाहेब देवरस नेत्रालय का संचालन माधव नेत्रालय द्वारा किया जाएगा। यहां ग्रामीणों को आंखों की जांच और उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने का उद्देश्य है। अभी ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को कई बार नेत्र संबंधी उपचार के लिए बड़े शहरों का रुख करना पड़ता है। स्थानीय स्तर पर सुविधा शुरू होने से समय और दूरी दोनों की बचत होगी।

नक्सल प्रभावित क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

लांजी का कारंजा क्षेत्र पूर्व में नक्सली गतिविधियों की दृष्टि से संवेदनशील रहा है। डॉ. भागवत के दौरे को देखते हुए पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने विशेष सुरक्षा व्यवस्था की। कार्यक्रम स्थल और आसपास सुरक्षा बल तैनात रहे। करीब दो हजार लोगों की क्षमता वाला वाटरप्रूफ पंडाल तैयार किया गया था। प्रवेश, पार्किंग और आवागमन को लेकर भी विशेष इंतजाम किए गए। कारंजा क्षेत्र में देवरस बंधुओं से जुड़े सेवा प्रकल्पों के माध्यम से पहले से ही स्कूल, आवासीय विद्यालय, गौशाला और सिलाई प्रशिक्षण केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। अब स्वास्थ्य सेवा जुड़ने से शिक्षा, कौशल विकास और सामाजिक सेवा के साथ ग्रामीण स्वास्थ्य को भी इस सेवा श्रृंखला में शामिल किया गया है।

चिंतन

प्रोपेगेंडा वीडियो और मीडिया में अंतर जरूरी

दिल्ली में विरोध प्रदर्शन के बाद सामने आए एक वीडियो ने नया विवाद खड़ा कर दिया है। इसमें दिल्ली पुलिस के एसीपी को एक महिला के साथ कथित रूप से अनुचित व्यवहार करते हुए दिखाया गया। पुलिस की जांच में यह वीडियो वास्तविक सीसीटीवी फुटेज नहीं, बल्कि एआई तकनीक से तैयार किया गया फर्जी वीडियो निकला। इस मामले में हरियाणा के पलवल निवासी 24 वर्षीय नदीम अहमद को गिरफ्तार किया गया है। यह दिखाता है कि कुछ लोग फर्जी पत्रकार बनकर अपना एजेंडा चला रहे हैं और मीडिया को बदनाम कर रहे हैं। ऐसे में प्रोपेगेंडा वीडियो और मीडिया में अंतर को समझना जरूरी हो गया है। ऐसे प्रोपेगेंडाधारी आंदोलनों में पुलिस कर्मचारियों को उकसाते हैं। उनके सवालों और बयानबाजी से लगता है कि वे किसी एजेंडे के तहत ऐसा कर रहे हैं। एआई के जरिये वीडियो तैयार करते हैं और फिर इसे किसी विशेष दल द्वारा प्रसारित किया जाता है। सुप्रीम कोर्ट की भी गाइडलाइन है कि एजेंडा आधारित पत्रकारिता न की जाए और जब भी मौके पर जाएं तो पत्रकार अपने आईडीकार्ड साथ लेकर जाएं। बता दें कि नदीम ने मदरसे से पढ़ाई की है और वह खुद को एक स्वतंत्र पत्रकार बताता है। उसने 10वीं तक पास नहीं की है। वीडियो सामने आने के बाद राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप भी तेज हो गए हैं। भाजपा नेता प्रदीप भंडारी ने राहुल गांधी और कांग्रेस से जुड़े लोगों पर इस वीडियो को प्रसारित कर दिल्ली पुलिस के खिलाफ गलत नैरेटिव बनाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि वीडियो के फर्जी पाए जाने के बाद इसे साझा करने वालों को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। इस पूरे विवाद में सबसे महत्वपूर्ण बात राजनीतिक दलों से भी आगे जाकर मीडिया की विश्वसनीयता की है। पत्रकारिता का पहला धर्म किसी दावे को इसलिए सच मान लेना नहीं है, क्योंकि वह वीडियो के रूप में सामने आया है। वीडियो प्रमाण का मजबूत माध्यम जरूर है, लेकिन एआई और डीपफेक तकनीक के दौर में केवल वीडियो का होना उसकी सत्यता की गारंटी नहीं रह गया है। हालांकि महिला पत्रकारों ने पुलिसकर्मियों के खिलाफ शिकायतें की हैं और इन शिकायतों की जांच चल रही है। यही वह बिंदु है जहां प्रोपेगेंडा वीडियो और मीडिया में अंतर जरूरी हो जाता है। प्रोपेगेंडा का उद्देश्य किसी धारणा को मजबूत करना हो सकता है, जबकि पत्रकारिता का उद्देश्य तथ्य की पड़ताल करना है। प्रोपेगेंडा पहले निष्कर्ष तय करता है और उसके अनुकूल सामग्री तलाशता है। पत्रकारिता इसके उलट सवाल से शुरू होती है और प्रमाण के आधार पर निष्कर्ष तक पहुंचती है। एआई युग में पत्रकारिता को गति से ज्यादा सत्यापन को महत्व देना होगा। स्रोत, मूल फुटेज, समय, स्थान, मेटाडाटा और स्वतंत्र प्रत्यक्ष प्रमाण इन सभी की पड़ताल जरूरी होगी। लोकतंत्र में पुलिस से सवाल भी होने चाहिए और मीडिया से सवाल भी। किसी महिला पत्रकार के आरोप की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और किसी पुलिस अधिकारी को फर्जी वीडियो के आधार पर दोषी भी नहीं ठहराया जाना चाहिए। दोनों प्रक्रियाओं के बीच यही संतुलन लोकतांत्रिक संस्थाओं में जनता का विश्वास बनाए रखेगा। आज आवश्यकता किसी एक पक्ष के नैरेटिव को आगे बढ़ाने की नहीं, बल्कि सच और प्रचार के बीच स्पष्ट रेखा खींचने की है। आने वाले समय में विश्वसनीय मीडिया वही होगा, जो सबसे पहले खबर देने की होड़ से ऊपर उठकर सबसे पहले सही खबर देने को प्राथमिकता देगा।



25 वर्ष की जनसेवा

सरोज पांडेय

राष्ट्रसेवा का एक अविराम संकल्प

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष केवल एक राजनीतिक सफर नहीं, बल्कि निरंतर परिश्रम, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति समर्पण की कहानी हैं। एक साधारण परिवार से निकलकर देश के सर्वोच्च लोकतांत्रिक दायित्व तक पहुंचना अपने आप में प्रेरणादायी है। इन वर्षों में उन्होंने सत्ता को केवल अधिकार नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम मानने का संदेश दिया। कठिन परिस्थितियों में निर्णय लेने का साहस हो या देश को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने का संकल्प-उनकी कार्यशैली में राष्ट्र प्रथम की भावना दिखाई देती है। इन 25 वर्षों की सबसे बड़ी उपलब्धि शायद यह है कि उन्होंने करोड़ों भारतीयों के मन में यह विश्वास जगाया कि भारत केवल संभावनाओं का देश नहीं, बल्कि अपनी क्षमता के बल पर विश्व का नेतृत्व करने वाला राष्ट्र बन सकता है। पच्चीस वर्षों की यह यात्रा हमें यह संदेश देती है कि सार्वजनिक जीवन में पद से बड़ा उद्देश्य होता है और राजनीति से बड़ी राष्ट्रनीति। यह केवल 25 वर्षों का पड़ाव नहीं, बल्कि उस संकल्प का उत्सव है, जिसमें भारत की प्रगति, गरीब का सम्मान और राष्ट्र का गौरव सर्वोपरि है। पच्चीस वर्ष किसी व्यक्ति के जीवन में एक महत्वपूर्ण पड़ाव होते हैं, लेकिन जब ये पच्चीस वर्ष राष्ट्र और समाज की सेवा को समर्पित हों, तो उनका महत्व और भी बढ़ जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन की यह यात्रा केवल एक राजनीतिक सफर नहीं है, बल्कि यह संघर्ष, संकल्प, परिश्रम और राष्ट्र के प्रति समर्पण की ऐसी यात्रा है, जिसने भारतीय राजनीति और जनसेवा की कार्यशैली पर अपनी अलग छाप छोड़ी है। एक सामान्य परिवार से निकलकर देश के सर्वोच्च लोकतांत्रिक दायित्व तक पहुंचना अपने आप में एक असाधारण यात्रा है। इस यात्रा में अनेक उतार-चढ़ाव आए, चुनौतियां सामने आईं और कठिन निर्णयों की परिस्थितियां भी बनीं। लेकिन निरंतर काम करते रहने की प्रवृत्ति और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का भाव इस पूरे सफर की प्रमुख विशेषता रहा है। नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन को समझने के लिए केवल उनके पदों को देखना पर्याप्त नहीं है। उनके राजनीतिक जीवन का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह भी है कि उन्होंने संगठन और जनसंपर्क को अपनी कार्यशैली का आधार बनाया। देश के अलग-अलग हिस्सों में सामान्य नागरिकों से संवाद, उनकी समस्याओं को समझने का प्रयास और विकास को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की सोच उनके सार्वजनिक जीवन में लगातार दिखाई देती रही है। पिछले वर्षों में भारत ने अनेक क्षेत्रों में परिवर्तन का अनुभव किया है। बुनियादी सुविधाओं के विस्तार से लेकर डिजिटल तकनीक के बढ़ते उपयोग तक, गरीब और वंचित वर्गों के लिए विभिन्न योजनाओं से लेकर महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के प्रयासों तक-विकास की चर्चा अब केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं रही। देश के छोटे कस्बों, गांवों और सामान्य परिवारों की आकांक्षाएं भी राष्ट्रीय विकास की चर्चा का हिस्सा बनी हैं। इन वर्षों में आत्मनिर्भर भारत का विचार भी व्यापक रूप से सामने आया। भारत को केवल एक बड़े बाजार के रूप में नहीं, बल्कि उत्पादन, नवाचार, तकनीक और



वैश्विक नेतृत्व की क्षमता रखने वाले देश के रूप में देखने की सोच मजबूत हुई। आज दुनिया में भारत की भूमिका पर होने वाली चर्चाओं में उसकी आर्थिक क्षमता, तकनीकी सामर्थ्य और युवा शक्ति का विशेष उल्लेख होता है। लेकिन किसी भी जननेता की वास्तविक परीक्षा केवल उपलब्धियों से नहीं होती। लोकतंत्र में जनता की अपेक्षाएं निरंतर बढ़ती रहती हैं। करोड़ों लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं को साथ लेकर चलना अपने आप में एक बड़ी जिम्मेदारी है। इसलिए 25 वर्षों की यह यात्रा उपलब्धियों के साथ-साथ जिम्मेदारियों की भी यात्रा है। नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन की एक विशेष पहचान उनका संवाद का तरीका भी रहा है। उन्होंने देश के सामान्य नागरिक से सीधे संवाद को महत्व दिया। रेडियो, डिजिटल माध्यमों और सार्वजनिक कार्यक्रमों के जरिए उन्होंने समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़ने का प्रयास किया। इस संवाद ने राजनीति और जनता के बीच की दूरी को कम करने की एक नई शैली को जन्म दिया। महिलाओं की भूमिका, युवाओं की ऊर्जा, किसानों की मेहनत, गरीबों की गरिमा और देश के छोटे उद्यमियों की क्षमता को राष्ट्रीय विकास से जोड़ना आज के भारत की चर्चा का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। यह बदलाव केवल योजनाओं या नीतियों का विषय नहीं है; इसके पीछे देश के नागरिकों की बदलती आकांक्षाएं भी हैं। एक बात स्पष्ट दिखाई देती है कि सार्वजनिक जीवन लंबी दौड़ है। इसमें केवल चुनाव जीतना ही पर्याप्त नहीं होता। जनता का विश्वास बनाए रखना, लगातार काम करते रहना और बदलते समय के साथ देश की आवश्यकताओं को समझना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। नरेंद्र मोदी की राजनीतिक यात्रा का सबसे बड़ा संदेश शायद यही है कि राजनीति को यदि जनसेवा का माध्यम माना जाए तो पद साधन बन जाता है और उद्देश्य राष्ट्रनिर्माण। उनके समर्थक उनकी इसी कार्यशैली को उनकी सबसे बड़ी शक्ति मानते हैं। पच्चीस वर्ष की यह यात्रा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह हमें याद दिलाती है कि राष्ट्रनिर्माण किसी एक दिन या एक सरकार का कार्य नहीं होता। यह करोड़ों नागरिकों के परिश्रम, विश्वास और सहभागिता से निर्मित होने वाली सतत प्रक्रिया है। जननेता उस प्रक्रिया को दिशा दे सकता है, लेकिन उसकी सफलता अंततः जनता की भागीदारी से ही संभव होती है। यह आने वाले वर्षों के लिए नए संकल्प लेने का भी अवसर है।

भारत आज जिस आत्मविश्वास के साथ विश्व के सामने खड़ा है, उसके सामने नई चुनौतियां भी हैं और नई संभावनाएं भी। एक जनसेवक के लिए इससे बड़ी उपलब्धि क्या हो सकती है कि उसके जीवन का एक बड़ा हिस्सा देश के नाम समर्पित हो जाए और उसके कार्यों के केंद्र में भारत की जनता बनी रहे। यह यात्रा उस भारत की ओर बढ़ती रहे, जहां विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, हर नागरिक को सम्मान मिले और आने वाली पीढ़ियां एक सशक्त, आत्मनिर्भर और गौरवशाली भारत का निर्माण करें। यही पच्चीस वर्षों की जनसेवा का सबसे सुंदर अर्थ है, व्यक्ति से बड़ा राष्ट्र, पद से बड़ा दायित्व और राजनीति से बड़ा जनसेवा का संकल्प। कुछ यात्राएं केवल समय के साथ पूरी नहीं होतीं, वे इतिहास के पन्नों पर अपनी छाप छोड़ जाती हैं। इन 25 वर्षों में एक कार्यकर्ता से देश के प्रधानमंत्री तक का सफर तय करने वाले नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक जीवन में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। इन वर्षों को केवल राजनीतिक उपलब्धियों से नहीं, बल्कि उस विश्वास से भी मापा जाना चाहिए जो करोड़ों भारतीयों ने उनके नेतृत्व में देश के भविष्य को लेकर महसूस किया है। राष्ट्रसेवा की यह यात्रा यूं ही निरंतर आगे बढ़ती रहे-यही शुभकामना है।

(लेखिका भाजपा की पूर्व सांसद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

सियासत

राज कुमार सिन्हा




चुनाव आयोग पर सवालों से विपक्ष को संजीवनी

दिल्ली के जंतर-मंतर और मुंबई समेत देश के अलग-अलग हिस्सों में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन जारी है। इसी बीच कल सुप्रीम कोर्ट में ज्ञानेश कुमार को मुख्य चुनाव आयुक्त पद से हटाने और अंतरिम रूप से सस्पेंड करने और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से जुड़े कथित एकतरफा फैसलों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अहम सुनवाई हुई। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने साफ किया कि सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर के दौरान मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए इस्तेमाल होने वाले फॉर्म-6 में किसी भी बदलाव को मंजूरी नहीं दी है। सीजेआई का यह टिप्पणी, इसलिए काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत के निर्वाचन आयोग ने 26 सितंबर को दावा किया था कि एसआईआर प्रक्रिया के लिए मदताओं का नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6 के साथ जोड़े गए नए घोषणा-पत्र को सुप्रीम कोर्ट ने मंजूरी दी है। मामला दाखिल याचिकाओं के बाद सामने आया, जिनमें दावा किया गया कि एसआईआर से जुड़े करीब 14 महत्वपूर्ण फैसलों पर दोनों चुनाव आयुक्तों ने आपत्तियां दर्ज की थी, जबकि फैसले भारत के निर्वाचन आयोग के नाम से आगे बढ़े थे। याचिकाकर्ता का कहना है कि बहुसदस्यीय चुनाव आयोग के फैसले मुख्य चुनाव आयुक्त अकेले नहीं ले सकते हैं। दरअसल, फार्म-6 में बदलाव के जरिए जोड़े गए नए घोषणा-पत्र को लेकर राजनीतिक दलों का विरोध तब और बढ़ गया जब यह बात सामने आई कि निर्वाचन आयोग के अन्य निर्वाचन आयुक्तों की आपत्ति के बाद मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने अकेले यह निर्णय लिया है। अन्य निर्वाचन आयुक्तों ने यह कहते हुए अपनी आपत्ति दर्ज कराई थी कि केंद्र सरकार द्वारा मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 में संशोधन किए बगैर फार्म-6 में बदलाव नहीं किए जा सकते हैं। बेंच ने ज्ञानेश कुमार को फिलहाल एक्स पार्टी सस्पेंड करने से इनकार किया है, लेकिन मामला खारिज नहीं किया है। कोर्ट ने केंद्र सरकार, चुनाव आयोग, ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी समेत संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी किया है। इस पूरे घटनाक्रम का असर केवल चुनाव आयोग और अदालत के बीच चल रही कानूनी प्रक्रिया तक सीमित रहने की संभावना नहीं है। इसका सीधा संबंध देश की राजनीति, चुनावी संस्थाओं की विश्वसनीयता और सत्तापक्ष तथा विपक्ष के बीच बढ़ते अविश्वास से भी है। यदि चुनाव आयोग के निर्णय लेने की प्रक्रिया, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया को लेकर उठे सवाल लंबे समय तक बने रहते हैं, तो यह विपक्ष के लिए एक महत्वपूर्ण राजनीतिक मुद्दा बन सकता है। भारतीय लोकतंत्र में चुनाव आयोग की भूमिका सामान्य प्रशासनिक संस्था से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है।

चुनाव आयोग के फैसलों पर राजनीतिक दलों और मतदाताओं का विश्वास चुनाव की निष्पक्षता की बुनियादी शर्त है। इसलिए जब आयोग के भीतर ही किसी निर्णय को लेकर मतभेद या असहमति की बात सामने आती है और यह मामला सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचता है, तो उसका राजनीतिक महत्व स्वाभाविक रूप से बढ़ जाता है। सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या बहुसदस्यीय चुनाव आयोग में किसी बड़े नीतिगत या चुनावी फैसले को मुख्य चुनाव आयुक्त अकेले आगे बढ़ा सकते हैं? यदि इस प्रश्न पर न्यायिक परीक्षण होता है और भविष्य में न्यायालय कोई स्पष्ट व्यवस्था देता है, तो इसका असर केवल मौजूदा विवाद पर नहीं, बल्कि चुनाव आयोग की भविष्य की कार्यप्रणाली पर भी पड़ सकता है। इससे यह तय करने में मदद मिल सकती है कि आयोग के भीतर सामूहिक निर्णय प्रक्रिया कितनी महत्वपूर्ण है और मुख्य चुनाव आयुक्त तथा अन्य निर्वाचन आयुक्तों की संवैधानिक भूमिका का संतुलन किस प्रकार कायम किया जाना चाहिए। इस विवाद की असली परीक्षा यही होगी कि क्या देश की चुनावी संस्थाएं और राजनीतिक दलों के बीच विश्वास का केंद्र बनी रह सकती है। यदि चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल लगातार बढ़ते हैं, तो इसका नुकसान किसी एक राजनीतिक दल को नहीं बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की विश्वसनीयता को होगा।इसलिए मौजूदा विवाद को केवल "ज्ञानेश कुमार बनाम विपक्ष" के रूप में देखना उचित नहीं होगा। असली सवाल इससे कहीं बड़ा है कि क्या भारत की चुनावी व्यवस्था ऐसी बनी रहेगी जिस पर चुनाव हारने वाला भी भरोसा करे और चुनाव जीतने वाला भी? यही सवाल आने वाले समय में भारतीय राजनीति की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

धन तो कमा लिया, पर क्या आप सफल हैं




संकलित

दर्शन

सफलता क्या है? वह मुस्कान जो कभी समाप्त न हो, सफलता की निशानी है। ऐसा आत्मविश्वास, जिसे कोई भी हिला न सके वह सफलता का संकेत है। जीवन में निडरता भी सफलता का संकेत है। एक सफल व्यक्ति कभी चोरी नहीं करेगा, क्योंकि वह जानता है कि वह कहीं भी जाए, समृद्धि प्राप्त कर सकता है। जब यह विश्वास होता है कि "मैं कहीं भी समृद्धि प्राप्त कर सकता हूँ", तो वह चोरी, कर-चोरी, भ्रष्टाचार आदि कोई भी ऐसा काम नहीं करेगा जिसका परिणाम अंततः कारागृह हो। खुशी और सफलता एक दूसरे से जुड़ी होनी चाहिए - किसी व्यक्ति को देखिए। क्या वह जीवंत है? क्या उसके अंदर पर्याप्त प्राण (ऊर्जा) है? या वह इतना थका-हारा और टूटा हुआ दिखता है कि किसी काम का नहीं लगता? हो सकता है आपके पास बहुत धन हो, लेकिन आपको मधुमेह (डायबिटीज) है, कोलेस्ट्रॉल है, अनिद्रा है, उच्च रक्तचाप है तब आप सुख-सुविधाओं का आनंद भी नहीं ले पाते। हम अपनी आधी सेहत धन कमाने में खर्च कर देते हैं, और फिर आधा धन सेहत वापस पाने में लगा देते हैं। यह अर्थव्यवस्था का बुद्धिमत्तापूर्ण तरीका नहीं है। खुशी और सफलता एक-दूसरे से जुड़ी होनी चाहिए।प्रतिकूल परिस्थितियों में व्यक्तित्व की परीक्षा : जब कभी व्यक्ति, स्थान या परिस्थितियाँ आपके विपरीत होती हैं, तब मनुष्य अक्सर उनसे प्रभावित होकर स्वयं भी दबाव में आ जाता है। व्यक्तियों परिस्थितियों से घिरकर हम कभी-कभी भीतर से बोझिल महसूस करने लगते हैं।

क्रोध में हम, चिल्लाते क्यों हैं



संकलित

प्रेरणा

एक बार एक संत ने अपने शिष्यों से पूछा- हम गुस्से में चिल्लाते क्यो हैं? जब हम खिन्न होते हैं, तो एक दूसरे पर चिल्लाते क्यों हैं? शिष्यों ने कुछ समय विचार किया और उनमें से एक शिष्य ने कहा- हम अपनी शांति खो देते हैं इसलिए चिल्लाते हैं। संत ने पूछा- पर जब दूसरा व्यक्ति आपके पास ही खड़ा हों तो इतना चिल्लाना क्यों? क्या यह संभव नहीं कि हम उस व्यक्ति से नरम आवाज में बात करें? हम एक दूसरे पर क्यों चिल्लाते हैं जब हम क्रोधित होते हैं? शिष्यों ने कई जवाब दिए पर किसी भी जवाब से संत संतुष्ट ना दिखाई दिए। अंत में उसने कहा, जब दो व्यक्ति एक दूसरे पर क्रोधित हों तो उनका हृदय बहुत दूर हों जाते हैं। इस दूरी को तय करने हेतु उन्हें चिल्लाना होता है ताकि वे एक दूसरे को सुन सके। वो जितना अधिक क्रोधित होते हैं उन्हें अपने हृदय की दूरी तय करने के लिए उतना ही चिल्लाना पड़ता हैं फिर संत ने पूछा, क्या होता है जब दो लोग एक दूसरे से प्रेम करते हैं? वे एक दूसरे पर चिल्लाते नहीं बल्कि सौम्यता से बात करते हैं, क्योकि उनका हृदय बहुत करीब होता है। उनके बीच की दूरी बहुत कम होती हैं। संत ने आगे कहा- जब वे लोग एक दूसरे से और ज्यादा प्रेम करते तब क्या होता हैं? वे कुछ बोलते नहीं बस फुसफुसाते हैं और एक दूसरे के प्रेम में और करीब आते जाते हैं। अंत में उन्हें फुसफुसाने की भी जरूरत नहीं होती, बस एक दूसरे को देखते हैं। इस तरह लोग करीब होते हैं जब वे एक दूसरे से प्रेम करते हैं। जब आप किसी से बहस करें तो इसका ध्यान रखें।

अंतर्मन



आज की पाती

खेलों की संस्कृति विकसित हो

जापान के नगोया में आयोजित एशियन गेम्स-2026 के दौरान भारतीय खिलाड़ियों ने 21 स्वर्ण, 27 रजत और 37 कांस्य समेत 85 पदक जीते। मेडल की सूची में भारत ने चौथा स्थान हासिल किया। भारतीय खिलाड़ियों की सफलता पर पूरा देश गर्व करता है। एशियन गेम्स में खिलाड़ियों के पदक नई पीढ़ी को मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का संदेश देते हैं। इतिहास में पहली बार हुआ जब भारत की पुरुष और महिला हॉकी टीम ने एक साथ एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीता। कई अन्य खेलों में भी भारत का प्रदर्शन सराहनीय रहा है। इसके बावजूद भारत को अभी खेलों में लंबा सफर तय करना है। इसके लिए देश में खेल संस्कृति को विकसित करना होगा। - *सतबीर सिंह, रोहतक*

ट्रेंड

स्पेशल पर्पस व्हीकल



केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'इंटीग्रेटेड ट्रांसपोर्ट एंड लॉजिस्टिक्स अथॉरिटी' के गठन को मंजूरी दी है। इसे एक 'स्पेशल पर्पस व्हीकल' के तौर पर बनाया जाएगा, ताकि ट्रांसपोर्ट और लॉजिस्टिक्स सेक्टर में रिसर्च, प्लानिंग, आदि की प्रक्रिया को मज़बूत किया जा सके।
-**जेपी नड्डा,** केंद्रीय स्वास्थ्यमंत्री

दोहरा रवैया नहीं चलेगा



कांग्रेस को फर्जी वोटों से इतना लगाव क्यों है? एक सही वोटर लिस्ट लोकतंत्र की आत्मा होती है। अगर वे जीतते हैं तो लोकतंत्र ठीक, वोटर लिस्ट भी ठीक, लेकिन अगर वे हारते हैं तो इसे वोटों की चोरी कहा जाता है। यह दोहरा रवैया नहीं चलेगा।
-**शिवराज सिंह चौहान,** केंद्रीय कृषिमंत्री

चुनाव आयुक्त



आज 300 से ज्यादा विपक्षी सांसदों ने चुनाव आयुक्तों से मिलने के लिए संसद से चुनाव आयोग तक मार्च किया। हम करोड़ों भारतीयों का प्रतिनिधित्व करते हैं। चुनाव आयुक्त हमसे क्यों नहीं मिल रहे, पुलिस हमें क्यों रोक रही है और धमका रही है?
-**राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

लोकतंत्र का मज़ाक



पूरा देश ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर एकजुट है। कुछ सालों से, ये लोग असली वोट कटवाकर और फर्जी वोट जुड़वाकर चुनाव जीत रहे हैं। इन्होंने लोकतंत्र का मज़ाक बना दिया है। मैं देश में वोट की चोरी के खिलाफ़ चल रहे आंदोलन का समर्थन करता हूं।
-**अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

करंट अफेयर

केन्या ने कांगो से आए इबोला के पहले मामले की पुष्टि की



केन्या के स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को देश में कांगो से आए इबोला के पहले मामले की पुष्टि की। स्वास्थ्य मंत्री एडेन डुएले ने बताया कि कांगो से युगांडा होते हुए शनिवार को देश पहुंचे एक केन्याई नागरिक को उपचार के दौरान नैरोबी के अस्पताल में पृथक-वास में रखा गया था। हेमोरेजिक फीवर (रक्तस्रावी बुखार) जैसे लक्षण दिखने के बाद जांच में मरीज के इबोला वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई। इलाज के दौरान सोमवार देर रात मरीज की मौत हो गई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने देश को 'हाई अलर्ट' पर रखा है और संभावित रूप से सामने आने वाले अन्य मामलों पर नजर रखी जा रही है। डुएले ने बताया कि 28 लोगों की पहचान की गई है जो मरीजों के संपर्क में आए थे; इनमें परिवार के सदस्य और मरीजों की देखभाल करने वाले स्वास्थ्यकर्मी शामिल हैं। युगांडा से उसी उड़ान में यात्रा करने वाले 23 अन्य यात्रियों का भी पता लगाया जा रहा है। केन्या चौथा ऐसा देश है जहां मौजूदा इबोला प्रकोप में संक्रमण का मामला सामने आया है। इस प्रकोप की घोषणा मई के मध्य में कांगो के पूर्वी हिस्से में की गई थी। युगांडा में 20 मामले और फ्रांस में एक मामला सामने आया है।

ऑफ बीट

ब्रह्मांड में जीवन के लिए सबसे अनुकूल जगहें कौन-सी हैं



पृथ्वी पर इस समय भले ही काफी उथल-पुथल मची हो, लेकिन कम से कम हमारे आसपास का अंतरिक्ष शांत दिखाई देता है। मगर ब्रह्मांड के हर हिस्से में ऐसा नहीं है। कहीं विस्फोट हो रहे हैं, कहीं खगोलीय पिंड टकरा रहे हैं और कहीं दूसरे तरह के खतरे मंडरा रहे हैं पत्रिका 'मंथली नोटिसेज ऑफ द रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी' में प्रकाशित नए शोध में हमने कृत्रिम रूप से तैयार किए गए ब्रह्मांडों की पड़ताल की, ताकि यह पता लगाया जा सके कि जीवन के लिए सबसे अनुकूल स्थान कौन-से हैं। हमें एक राहत देने वाली बात पता चली कि आकाशगंगा के बाहरी हिस्से में स्थित हमारा सूर्य जीवन के लिए उपलब्ध सबसे अनुकूल जगहों में से एक है। जीवन के लिए ब्रह्मांड में मौजूद अनुकूल क्षेत्र को 'गोल्डीलॉक्स क्षेत्र' कहा जाता है-यानी ऐसी जगहें जहां परिस्थितियां न बहुत गर्म होती हैं, न बहुत ठंडी, बल्कि बिल्कुल अनुकूल होती हैं। हालांकि, वहां वास्तव में जीवन मौजूद है या नहीं, यह अलग सवाल है। खगोल विज्ञानी और जीवविज्ञानी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि सौरमंडल के बाहर मौजूद ग्रहों पर जीवन कैसे विकसित हो सकता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



हरमनप्रीत ने छोड़ी कप्तानी, कहा- मैंने अपनी जिम्मेदारी निभा दी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की एकमात्र विश्व कप विजेता महिला क्रिकेट कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मंगलवार को तीनों प्रारुपों की कप्तानी से इस्तीफा देते हुए कहा कि बतौर कप्तान उन्होंने अपनी जिम्मेदारी पूरी तरह निभाई है और अब वह एक बार फिर सिर्फ खेल के प्यार और जुनून के लिए खेलने को तैयार हैं।

37 वर्षीय हरमनप्रीत का यह फैसला गुवाहाटी में हुई बीसीसीआई की समीक्षा बैठक के बाद आया, जिसमें पिछले कुछ महीनों में टीम के प्रदर्शन और उसकी आगे की दिशा का आकलन किया गया। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया की अध्यक्षता में हुई बैठक में हरमनप्रीत के अलावा उपकप्तान स्मृति मंधाना और मुख्य कोच अमोल मजूमदार भी शामिल हुए। हाल के दिनों में भारतीय महिला टीम की कप्तानी करने की अपनी इच्छा खुलकर जाहिर करने वाली स्मृति मंधाना अगली कप्तान बनने की दौड़ में सबसे आगे मानी जा रही हैं।

हरमनप्रीत ने किया भावुक संदेश इंस्टाग्राम पर साझा

कुछ समय से खराब फॉर्म से जूझ रहीं हरमनप्रीत ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'मैं आज भारतीय महिला क्रिकेट टीम के तीनों प्रारुपों की कप्तानी से हट रही हूं।' उन्होंने कहा, यह फैसला आसान नहीं है। इसके साथ वर्षों की यादें, भावनाएं, त्याग और ऐसे अनगिनत पल जुड़े हैं, जो जीवन भर मेरे साथ रहेंगे। हरमनप्रीत ने यह भावुक संदेश इंस्टाग्राम पर साझा किया। इसके साथ उन्होंने ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट मैदान की ओर मुंह करके खड़े अपनी तस्वीर भी पोस्ट की। इससे पहले हरमनप्रीत ने कम से कम 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक तक टीम की कप्तानी करने की इच्छा जताई थी। भारत इन खेलों के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुका है।



2016 में संभाली थी कप्तानी

हरमनप्रीत ने 2016 में भारतीय टी20 टीम की कप्तानी संभाली थी और करीब एक दशक तक इस जिम्मेदारी को निभाया। 2022 में उन्हें वनडे टीम की कप्तानी सौंपी गई और 2023 में वह तीनों प्रारुपों की कप्तान बन गईं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मैंने अपनी जिम्मेदारी पूरी कर दी है। मैंने इस टीम को अपना सब कुछ दिया। मैंने इस जिम्मेदारी को सम्मान के साथ निभाया और भारतीय महिला क्रिकेट का नेतृत्व करने का अवसर मिलने के लिए मैं हमेशा आभारी रहूंगी।

तीनों प्रारुपों में खेलना जारी रखेंगी

हरमनप्रीत हालांकि तीनों प्रारुपों में भारत के लिए खेलना जारी रखेंगी। हरमनप्रीत ने कहा, अब मेरे लिए नया अध्याय शुरू करने का समय है। कप्तानी आज खत्म हो सकती है, लेकिन भारतीय क्रिकेट के लिए मेरा प्यार कभी खत्म नहीं होगा। मैंने अपना खून, पसीना, त्याग और सम्मान सब कुछ इस टीम को दिया है। मैं अब फिर से सिर्फ खेल के प्यार के लिए खेलने को तैयार हूं। कप्तानी का अंत हुआ है, सफर जारी है।

5 टेस्ट, 51 वनडे और 155 टी20 में की कप्तानी

हरमनप्रीत को भारत की महानतम क्रिकेटरों में शुमार किया जाता है। उनकी कप्तानी में भारतीय टीम ने पिछले साल पहली बार वनडे विश्व कप जीता था। हाल ही में टीम ने एशियाई खेलों के टी20 प्रारुप में लगातार दूसरी बार स्वर्ण पदक भी हासिल किया। इसके अलावा हरमनप्रीत की अगुआई में भारत ने 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीता था। उन्होंने 5 टेस्ट, 51 वनडे और 155 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत की कप्तानी की।

'आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ'

शेफाली-चरणी नॉमिनेट अभिषेक-गिल शॉर्टलिस्ट

एजेंसी ▶▶| दुबई

विमेंस एशिया कप और एशियन गेम्स में शानदार प्रदर्शन के बाद, भारत की शेफाली वर्मा और श्रीचरणी के साथ-साथ श्रीलंकाई कप्तान चामरी अट्टापट्टू को सितंबर के लिए 'आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड' के लिए नामित किया गया है।

वहीं, व्हाइट-बॉल क्रिकेट में जबरदस्त प्रदर्शन के बाद, भारतीय बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल के साथ जिम्बाब्वे के ऑलराउंडर सिकंदर रजा को सितंबर के लिए 'आईसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड' के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया।

शेफाली ने बनाए 184.61 के स्ट्राइक रेट से रन

शेफाली के लिए भारत की ओपनिंग बैटिंग लाइन-अप में यह महीना बहुत शानदार रहा। उन्होंने सात टी20 मैचों में 72 की औसत और 184.61 के स्ट्राइक रेट से 360 रन बनाए। 22 वर्षीय खिलाड़ी ने गेंदबाजी में भी योगदान दिया और 13 की औसत से छह विकेट लिए। वह विमेंस एशिया कप में सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी रहीं और पांच पारियों में 236 रन बनाए।



अभिषेक ने की जबरदस्त वापसी

अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मुकाबलों की टी20 सीरीज के दौरान अभिषेक ने 76.33 की औसत से 229 रन बनाए। उन्होंने दिल्ली में खेले गए पहले मैच में 32 गेंदों पर 82 रन बनाकर जबरदस्त वापसी की। अभिषेक ने सिर्फ 22 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। भारत ने 157 रन का लक्ष्य 38 गेंदें बाकी रहते हुए हासिल कर लिया।


गिल के लिए सितंबर महीना रहा शानदार

भारतीय कप्तान शुभमन गिल के लिए सितंबर का महीना शानदार रहा, जिसमें उन्होंने वनडे फॉर्मेट में रिकॉर्डतोड़ पारियां खेलीं। गिल ने तिरुवनंतपुरम में वेस्टइंडीज के विरुद्ध 110 रन की पारी खेली, जबकि गुवाहाटी में नाबाद 223 रन बनाए। दोनों मुकाबले भारत ने जीते और सीरीज 2-1 से अपने नाम की।

रिकॉर्ड 102 खिताब... नोवाक जोकोविच ने जीता चाइना ओपन

एजेंसी ▶▶| बीजिंग

नोवाक जोकोविच ने एक बार फिर टेनिस इतिहास के पन्नों में अपना नाम स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज करा दिया है। चीनी ओपन के खिताबी मुकाबले में एक नाटकीय अंत के साथ जोकोविच ने अपने करियर का रिकॉर्ड सातवां चीन ओपन खिताब अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ ही उन्होंने टेनिस जगत के सबसे बड़े रिकॉर्ड्स में से एक रोजर फेडरर के करियर टाइटल्स के बेहद करीब पहुंच कर अपनी महानता का एक और सबूत दे दिया है। फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर को ग्रोइन इंजरी के कारण मैच बीच में ही छोड़ना पड़ा, जिससे जोकोविच को विजेता घोषित किया गया। जब मैच खत्म हुआ, तब जोकोविच पहला सेट 7-6(3) से अपने नाम कर चुके थे और दूसरे सेट में 0-1 से पीछे थे। यह जीत न केवल जोकोविच के लिए खास है, बल्कि उनके शानदार करियर की लंबी पारी और निरंतरता का भी एक बेहतरीन उदाहरण है। इस खिताबी जीत के साथ ही एटीपी सिंगल्स में नोवाक जोकोविच के कुल टाइटल्स की संख्या अब 102 हो गई है। वह अब रोजर फेडरर के 103 टाइटल्स के रिकॉर्ड से महज एक कदम दूर हैं। ओपन एरा में सबसे ज्यादा सिंगल्स खिताब जीतने का रिकॉर्ड जिमी कॉनर्स के नाम है, जिनके खाते में 109 टाइटल्स हैं और जोकोविच अब इस ऐतिहासिक रिकॉर्ड से केवल सात खिताब दूर हैं। इसके अलावा, इस जीत ने चीन ओपन में जोकोविच के अजेय रथ को 34-0 पर पहुंचा दिया है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि यह उनके करियर का लगातार 21वां साल है जब उन्होंने कम से कम एक सिंगल्स खिताब जरूर जीता है। यह आंकड़ा टेनिस कोर्ट पर उनकी फिटनेस, मानसिक दृढ़ता और खेल के प्रति समर्पण को बयां करता है।





सेरेना-शुआई की फेहरिस्त में शामिल हुईं एलेक्जेंड्रोवा

बीजिंग। चाइना ओपन के 'राउंड ऑफ 16' में मंगलवार को रूस की एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा ने चेक गणराज्य की लिंडा नोस्कोवा को 6-2, 6-2 से मात देकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जहां उनका मुकाबला मीरा आंद्रीवा से होगा। नंबर 19 सीड एलेक्जेंड्रोवा ने टॉप 10 खिलाड़ी के खिलाफ अपने करियर की 22वीं जीत दर्ज की। उन्होंने नंबर 5 सीड को हराकर पहली बार बीजिंग में क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है। 31 साल की उम्र में एलेक्जेंड्रोवा चाइना ओपन में पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। वह टूर्नामेंट में अंतिम-8 में पहुंचने वाली तीसरी सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं, उनसे आगे सिर्फ सेरेना विलियम्स और शुआई झांग हैं।

खबर संक्षेप



भूटिया की इंदौर में फुटबॉल अकादमी शुरू

इंदौर। भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान और सितारा स्ट्राइकर बाइचुंग भूटिया ने इंदौर के चोइथराम इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को बाइचुंग भूटिया फुटबॉल स्कूल (बीबीएफएस) की औपचारिक शुरुआत की। इसके साथ ही, यह संस्थान राज्य में भूटिया की फुटबॉल अकादमी शुरू करने वाला पहला केंद्र बन गया है। भूटिया ने कहा कि उनकी अकादमी का मुख्य उद्देश्य फुटबॉल की स्थानीय पौध को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण प्रदान करना है। पूर्व कप्तान ने कहा कि भारत में फुटबॉल अभी विकासशील स्थिति में है और खेल के सामने कई चुनौतियां हैं।

श्रेयस की रणनीति और तैयारी शानदार: लक्ष्मण

नई दिल्ली। पूर्व क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण का मानना है कि श्रेयस अय्यर में भारतीय टीम की सफल कप्तानी करने की पूरी क्षमता है। उन्होंने कहा कि अय्यर की अच्छी तैयारी, रणनीति की समझ और विपक्षी टीम की ताकत को पहचानने की क्षमता उन्हें एक मजबूत कप्तान बनाती है। श्रेयस अय्यर ने जापान में भारत को पुरुष क्रिकेट का स्वर्ण पदक दिलाया। अय्यर के कप्तानी संभालने के तरीके से प्रभावित लक्ष्मण ने कहा कि मध्यक्रम के इस बल्लेबाज में पहले से ही वे खूबियां नजर आ रही हैं, जो तेज गति वाले टी20 क्रिकेट में विपक्षी टीम से एक कदम आगे रहने के लिए जरूरी हैं।

नवंबर में पेश करेंगे प्रोजेक्ट

2036 ओलंपिक : भारत समेत सात देश मेजबानी के इच्छुक

एजेंसी ▶▶| लुसाने

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने कहा कि भारत, जर्मनी, कतर और तुर्किये समेत 7 देशों ने 2036 ओलंपिक की मेजबानी में रुचि दिखाई है और उन्हें नवंबर में 'फ्यूचर होस्ट कमीशन' के सामने अपने प्रोजेक्ट पेश करने के लिये बुलाया गया है।

आईओसी ने कहा कि प्रोजेक्ट का आकलन कई तकनीकी पहलुओं पर किया जाएगा, जिनमें आयोजन स्थलों का मास्टर प्लान और खिलाड़ियों का अनुभव, फंडिंग को लेकर रणनीति, राजनीतिक और जनता का समर्थन, मेजबानी की क्षमता और मेजबान समुदायों को दीर्घकालिन फायदे पहुंचाने



वाली विरासत रणनीति शामिल है। आईओसी ने इन 'प्रेजेंटेशन' के लिए कोई निश्चत समय सीमा नहीं बताई।

इच्छुक पक्ष लगातार कर रहे संवाद

आईओसी ने कहा,' इच्छुक पक्ष आईओसी से लगातार संवाद कर रहे हैं और 2036 ओलंपिक की मेजबानी की इच्छा रखने वाले देश हैं, जर्मनी, हंगरी, भारत, कतर, कोरिया, दक्षिण अफ्रीका और तुर्किये।' इसमें आगे कहा गया 'कई राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (एनओसी) 2036 के बाद होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी को लेकर आईओसी के साथ शुरुआती बातचीत में शामिल है। इच्छुक पक्षों को नवंबर में 'फ्यूचर होस्ट कमीशन' के सामने अपना प्रोजेक्ट पेश करने के लिये आमंत्रित किया गया है।' आईओसी ने कहा कि 31 अक्टूबर के बाद 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए किसी और इच्छुक पक्ष पर विचार नहीं किया जाएगा। पहली बार ओलंपिक की मेजबानी की इच्छा जताने वाले भारत ने अहमदाबाद को मेजबानी के लिए चुना है।

गांगुली बने दिल्ली कैपिटल्स के हेड कोच

नई दिल्ली। पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को इंडियन प्रीमियर लीग के 2027 सत्र के लिए दिल्ली कैपिटल्स का मुख्य कोच बनाया गया, जो हेमांग बदानी की जगह लेंगे। गांगुली 2019 में दिल्ली टीम के सलाहकार बने थे। वह फ्रेंचाइजी की पुरुष और महिला टीम के क्रिकेट निदेशक समेत कई पदों पर रह चुके हैं। वह दिल्ली कैपिटल्स की एसए20 टीम प्रिटोरिया कैपिटल्स में भी पिछले सत्र में मुख्य कोच थे। गांगुली ने कहा,'आईपीएल में मुख्य कोच की भूमिका संभालने को लेकर उत्साहित हूं। दिल्ली कैपिटल्स टीम मेरे दिल के करीब है और इतने सालों में उसके साथ करीबी रिश्ता रहा है।' उन्होंने कहा,'मैंने टीम के मालिकों, प्रबंधन, सहयोगी स्टार और खिलाड़ियों के साथ करीब से काम किया है। हमारे पास काफी प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं और अतीत में हमने अच्छी क्रिकेट खेली है।' दिल्ली टीम आईपीएल के पिछले सत्र में छठे स्थान पर रही थी। दिल्ली कैपिटल्स जीएमआर ग्रुप और जेएसडब्ल्यू ग्रुप के संयुक्त मालिकाना हक वाली टीम है । दोनों ग्रुप बारी बारी से प्रबंधन की जिम्मेदारी लेते हैं और जीएमआर की बारी 2026 में खत्म हो गई। गांगुली अब बदानी की जगह लेंगे, जिनके कोच रहते पिछले दो सत्र में दिल्ली प्लेआफ में नहीं पहुंच सकी।



टीपीएल सीजन-8

रोहन की टेनिस कोर्ट पर वापसी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पूर्व विश्व नंबर एक युगल खिलाड़ी रोहन बोपन्ना टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) में गुड़गांव ग्रैंड स्लैमर्स की ओर से खेलेंगे, जबकि 2023 ऑस्ट्रेलियन ओपन पुरुष युगल चैंपियन रिंकी हिजिकाता राजस्थान रेंजर्स का प्रतिनिधित्व करेंगे। मुंबई में 12 अक्टूबर को होने वाली खिलाड़ी नीलामी से पहले आगामी सत्र के लिए मंगलवार को प्रमुख खिलाड़ियों के नामों की घोषणा कर दी गई। बोपन्ना ने कहा, हर साल यह लीग और मजबूत होती जा रही है। मुझे टीम के साथ खेलने का माहौल और इस प्रारूप से मिलने वाली ऊर्जा बेहद पसंद है। इस वर्ष मुकाबला काफी कड़ा होगा, जिसमें अनुभवी खिलाड़ियों के साथ भारतीय युवा प्रतिभाओं का शानदार मिश्रण देखने को मिलेगा।

टीम इंडिया की टी-20 में लगातार 10वीं जीत, श्रेयस बने प्लेयर ऑफ द मैच

भारत ने वेस्टइंडीज को आठ विकेट से हराया

श्रेयस ने 42 गेंदों में जड़ा पहला टी-20 शतक



भाषा ▶▶| लखनऊ

कप्तान श्रेयस अय्यर ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना पहला शतक जड़ा, जबकि पदार्पण कर रहे हरफनमौला नमन धीर ने तीन विकेट चटकाए जिससे भारत ने मंगलवार को पांच मैचों की श्रृंखला के पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को आठ विकेट से करारी शिकस्त दी। धीर ने चार ओवर में 31 रन देकर तीन विकेट लिए, जबकि कुलदीप यादव और अक्षर पटेल ने दो-दो विकेट चटकाए। इससे वेस्टइंडीज की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.1 ओवर में 171 रन पर ऑलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करते हुए 'प्लेयर ऑफ द मैच' अय्यर ने 43 गेंदों पर 10 चौकों और छह छक्कों की मदद से नाबाद 102 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने ईशान किशन (27 गेंद में नाबाद 37 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 68 गेंद में 137 रन की अटूट साझेदारी की। इस साझेदारी की बदौलत भारत ने 14.4 ओवर में दो विकेट पर 172 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। भारत की शुरुआत हालांकि अच्छी नहीं रही। अभिषेक शर्मा (21) और संजू सैमसन (11) चार ओवर के भीतर पवेलियन लौट गए और भारत का स्कोर 35 रन पर दो विकेट हो गया। रोस्टन चेज ने अभिषेक को आउट किया, जबकि शिमरॉन हेटमायर ने लॉन्ग ऑफ से दौड़कर शानदार कैच पकड़ा। अगले ओवर में संजू सैमसन अकील हुसैन की गेंद पर आउट हो गए। इसके बाद अय्यर और किशन ने मोर्चा संभाल लिया। अय्यर ने मैदान के चारों ओर शानदार शॉट लगाए और तेजी से रन बनाते हुए अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक पूरा किया। उन्होंने रोस्टन चेज के खिलाफ छक्का लगाकर 42 गेंदों में शतक पूरा किया और फिर अगली गेंद पर एक रन चुराकर टीम को जीत दिला दी। इससे पहले वेस्टइंडीज की ओर से कप्तान शाई होप ने 37 गेंद में 52 और शरफेन रदरफोर्ड ने 34 गेंद में 56 रन की पारी खेली। होप ने दूसरे ओवर में मयंक यादव की गेंदों पर चार चौके जड़ कर वेस्टइंडीज को तेज शुरुआत दिलाई। भारत को पहली सफलता अर्शदीप सिंह ने कामिल पूरन (12) को बोल्ड कर दिलाई। छठे ओवर में वेस्टइंडीज को दोहरा झटका लगा।

आर्कटिक ओपन बैडमिंटन : सिंधू दूसरे दौर में पहुंचीं, थारुन-रौनक मुख्य ड्रॉ में

भाषा ▶▶| वांता (फिनलैंड)

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने मंगलवार को आर्कटिक ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बना ली तो वहीं थारुन मन्नेपल्ली और रौनक चौहान ने पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया। कई अन्य भारतीय खिलाड़ियों को हलांकि हार का सामना करना पड़ा। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने कनाडा की वेन यू झांग को महज 28 मिनट में 21-8, 21-11 से हराया। जुलाई में जापान ओपन का खिताब जीतने वाली 31 साल की सिंधू का सामना अब चीनी ताइपे की लिन हियांग टी या जापान की रिको गुनजी से होगा। उन्नति हुड्डा और अस्मिता चालिहा को कड़े मुकाबले के बाद हार का सामना करना पड़ा। एशियाई खेलों में क्वार्टर फाइनल तक पहुंची उन्नति को चीन की हान कियान शी ने 16-21, 21-15, 24-22 से हराया। वहीं सातवीं वरीय डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसन ने अस्मिता को 21-7, 14-21, 26-24 से मात दी। मालविका बंसोड़ ने ताइवान की सुंग शुओ यून को 21-15, 14-21, 21-14 से हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई लेकिन अंतिम 32 के मुकाबले में उन्हें अनुभवी स्कॉटिश खिलाड़ी कर्स्टी गिल्मर के हाथों 18-21, 13-21 से हार झेलनी पड़ी। यह मुकाबला 40 मिनट चला। क्वालीफाइंग दौर में थारुन मन्नेपल्ली ने दूसरी वरीयता प्राप्त बेल्जियम के जूलियन कैरागी को 21-12, 19-21, 21-13 से हराया। मुख्य ड्रॉ में अब उनका सामना डेनमार्क के मैग्नस जोहानसन से होगा। रौनक चौहान ने इजराइल के डेनियल दुबोवेंको को 18-21, 21-17, 21-19 से हराया। मुख्य ड्रॉ में वह चीन के वेंग होंग यांग से भिड़ेंगे।



सुरक्षित नहीं होर्मुज स्ट्रेट

ओमान तट के पास कमर्शियल जहाज पर हमला, 11 भारतीय नाविक घायल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के विदेश मंत्रालय (एमईए) ने होर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहे कमर्शियल जहाज पर हमले की जानकारी दी है। एमईए ने बयान जारी कर बताया कि ओमान तट के पास होर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहे पनामा के झंडे वाले जहाज 'एमटी ऑन पीस' (आईएमओ 9893204) पर मंगलवार को हमला किया गया।

जहाज पर सवार 19 सदस्यीय चालक दल में 17 भारतीय नागरिक थे, जिनमें से कुल 12 घायल हो गए। इनमें से 11 भारतीय नाविक थे। फरवरी से अब तक होर्मुज में हमलो में 100 से ज्यादा भारतीय नाविक प्रभावित हो चुके हैं। वहीं, इन हमलों में 11 भारतीय नाविकों की जान गई।

जहाज पर सवार 19 सदस्यीय चालक दल में 17 भारतीय नागरिक

भारत ने ओमान अधिकारियों का जताया आभार

बुनियादी ढांचों को निशाना बनाना पूरी तरह गलत

हमलों को तत्काल रोकने की अपील


एआई इमेज

विदेश मंत्रालय ने कहा कि क्षेत्र में जहाजों पर हमलों की लगातार हो रही घटनाएं भारत के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। भारत ने क्षेत्र में शांति और स्थिरता के हित में ऐसे हमलों को तत्काल रोकने की अपनी अपील दोहराई। बयान में कहा गया कि क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों, नाविकों और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाए जाने का सिलसिला समाप्त होना चाहिए। साथ ही अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों के जरिए नौवहन और व्यापार को जल्द से जल्द बहाल किया जाना जरूरी है।

भारत ने हमले की कड़ी निंदा की

भारत ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों पर लगातार हो रहे हमलों को लेकर गहरी चिंता जताई है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि ओमान के अधिकारियों की सहायता से सभी घायल चालक दल के सदस्यों को जहाज से निकालकर सुरक्षित रूप से ओमान के खासाब ले जाया गया, जहां उन्हें चिकित्सा उपचार दिया जा रहा है। भारत ने इस दौरान मदद के लिए ओमानी अधिकारियों का आभार जताया है।

जहाजों की आवाजाही प्रभावित न हो

भारत ने कहा कि होर्मुज वैश्विक समुद्री व्यापार के लिए बेहद महत्वपूर्ण मार्ग है। यहां जहाजों की आवाजाही प्रभावित होने से न केवल क्षेत्रीय सुरक्षा, बल्कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति पर भी असर पड़ सकता है। भारत ने स्पष्ट किया है कि अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों में सुरक्षित नौवहन और निर्बाध वाणिज्यिक गतिविधियां सुनिश्चित किया जाना क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए जरूरी है।

ब्लैक सी कमर्शियल जहाज पर हमला

बाल-बाल बचे 3 भारतीय क्रू सदस्य, 2 विदेशियों की मौत

बुखारेस्ट। भारत ने काला सागर में वाणिज्यिक मालवाहक जहाज, एमवी रोयाड मामादोव पर हुए हमले की निंदा की है। इसमें दो विदेशी नाविकों की मौत हो गई। चालक दल के सदस्यों में भारतीय नागरिक भी शामिल हैं। घायल नाविकों को रोमानिया के अधिकारियों ने सुरक्षित निकाल लिया है और उनका इलाज किया जा रहा है। जहाज पर चालक दल में शामिल तीनों भारतीय नागरिक सुरक्षित हैं। भारत ने इस घटना में तुरंत कार्रवाई के लिए रोमानिया के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है। रोमानिया स्थित भारतीय दूतावास के मुताबिक जहाज एमवी रोयड मम्मादोव पर ब्लैक सी में हमला हुआ, जिसके


एआई इमेज

बाद कुछ क्रू मेंबर घायल हो गए और उन्हें मेडिकल इलाज के लिए रोमानिया ले जाया गया। दूतावास ने बाद में कन्फर्म किया कि तीनों भारतीय नागरिक सुरक्षित हैं। उनमें से एक घायल हो गया था और उसका इलाज चल रहा है।

खबर संक्षेप

केन्या में इबोला से मरीज की मौत

नैरोबी। केन्या के स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को देश में कांगो से आए इबोला के पहले मामले की पुष्टि की। स्वास्थ्य मंत्री एडेन डुएले ने बताया कि कांगो से युगांडा होते हुए शनिवार को देश पहुंचे एक केन्याई नागरिक को उपचार के दौरान नैरोबी के अस्पताल में पृथक-वास में रखा गया था। हेमोरेजिक फीवर जैसे लक्षण दिखने के बाद जांच में मरीज के इबोला वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई जिस मौत हो गई है।

नाइजीरिया की वायुसेना विमान क्रैश, 32 की मौत

अबूजा। नाइजीरिया ने मंगलवार को दक्षिण-पश्चिमी राज्य ओंडो में 32 लोगों को ले जा रहे एक सैन्य विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद तीन दिन के शोक की घोषणा की। एटीआर-42 विमान सोमवार को इग्बोकोडा में एक नौसैनिक अड्डे के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

भारत की समुद्री सुरक्षा व्यवस्था और रक्षा क्षमताओं को मिलेगी मजबूती

युद्धपोतों के लिए खरीदे जाएंगे ब्रह्मोस कंट्रोल सिस्टम, 661 करोड़ की डील

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना के जहाजों के लिए ब्रह्मोस अग्नि नियंत्रण प्रणाली और प्रक्षेपकों की खरीद के लिए ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड के साथ 661.50 करोड़ रुपए का करार किया है। यह करार सोमवार को नई दिल्ली में हुआ। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह खरीद भारतीय खरीद भारतीय स्वदेशी रूप से डिजाइन विकसित और निर्मित श्रेणी के तहत की जाएगी। करार पर रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए गए। इस परियोजना में कम से कम 68 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल होगा।

मिसाइल निर्माण में 68 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री का होगा इस्तेमाल

तीन वर्षों की अवधि में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे

ब्रह्मोस की कई प्रणालियां तैयार कर रहा भारत


रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए गए

मंत्रालय ने कहा कि यह उन्नत सैन्य तकनीक में आत्मनिर्भरता बढ़ाने की जारी कोशिशों में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। विभिन्न अग्रिम पंक्ति के युद्धपोतों पर तैनात ब्रह्मोस प्रणाली भारतीय नौसेना की समुद्री हमले की कार्रवाई के लिए प्रमुख सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल प्रणाली है। यह हथियार प्रणाली लंबी दूरी से जमीन और समुद्र में स्थित लक्ष्यों को निशाना बनाने में सक्षम है। यह सुपरसोनिक गति से बेहद सटीक हमला कर सकती है।

ब्रह्मोस का निर्यात 600 मिलियन अमेरिकी डॉलर का आंकड़ा पार करेगा

इससे पहले एक अक्तूबर को रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा था कि ब्रह्मोस भारत की उभरती रक्षा निर्यात क्षमता का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। उन्होंने कहा था कि ब्रह्मोस का निर्यात 600 मिलियन अमेरिकी डॉलर का आंकड़ा पार कर जाएगा।

नौसेना के बेड़े में शामिल हुआ 'सूर्या'

राजनाथ बोले- यह भारत की ताकत और जहाज निर्माण क्षमता का प्रतीक

एजेंसी ▶▶ विशाखापट्टनम

भारतीय नौसेना के बेड़े में 'सूर्या' शामिल किया गया है। यह भारतीय नौसेना के लिए बनाया गया फ्लीट सपोर्ट शिप-1 है। मंगलवार को इसका जलावतरण किया गया। सूर्या की मौजूदगी से नौसेना की पहुंच और क्षमता मजबूत होगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सूर्या को नौसेना में शामिल किया। इसी अवसर पर हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड में नए उन्नत स्लिपवे और 300 टन क्षमता वाले गोलियथ क्रेन का उद्घाटन किया गया। साथ ही एक और फ्लीट सपोर्ट शिप के निर्माण के लिए कील (शुरुआत) भी रखी गई। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि एक ही स्थान पर एक ही अवसर के दौरान ये तीनों उपलब्धियां भारत की बढ़ती समुद्री ताकत और जहाज निर्माण क्षमता को दर्शाती हैं।

लोकार्पण करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

हिंद महासागर में भारत पसंदीदा सुरक्षा साझेदार

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारतीय नौसेना ने हिंद महासागर क्षेत्र में प्रथम प्रतिक्रिया देने वाले देश और पसंदीदा सुरक्षा साझेदार के रूप में बार-बार अपनी क्षमता साबित की है। मानवीय सहायता और आपदा राहत, समुद्री डकैती रोधी अभियान, निकासी अभियान या समुद्री सुरक्षा जैसी हर परिस्थिति में नौसेना ने अपनी तत्परता और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया है।

अफ्रीका और ग्लोबल साउथ के साथ साझेदारी पर जोर, द्विपक्षीय संबंध बढ़ाने करेंगे कई बैठकें

तीन अफ्रीकी देशों की आधिकारिक यात्रा पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर इन दिनों घाना, कोट डी आइवर और इथियोपिया की आधिकारिक यात्रा पर हैं। इसी क्रम में वह इथियोपिया की राजधानी अदीस अबाबा पहुंचे, जहां उन्होंने कॉमनवेल्थ की महासचिव शर्ली अयोर्कर बोचवे से मुलाकात की। जयशंकर अदीस अबाबा में क्षेत्रीय भारतीय मिशनों के प्रमुखों के सम्मेलन की अध्यक्षता भी करेंगे। जयशंकर ने 'एक्स' पर पोस्ट कर शर्ली अयोर्कर बोचवे से मुलाकात की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि अदीस अबाबा की यात्रा के दौरान कॉमनवेल्थ महासचिव से मुलाकात करके उन्हें खुशी हुई।

व्यापार से विकास सहयोग तक मुद्दों पर चर्चा


शर्ली बोचवे और जयशंकर

विदेश मंत्रालय के अनुसार, घाना, कोट डी आइवर और इथियोपिया की अपनी आधिकारिक यात्रा के दौरान जयशंकर तीनों देशों में अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। वह इन देशों के शीर्ष नेतृत्व से भी मुलाकात करेंगे। इन बैठकों में आपसी मित्रता और सहयोग को आगे बढ़ाने के साथ द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा होगी।

क्षेत्रीय साझा हितों पर होगी बातचीत

जयशंकर साथ ही क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर साझा हितों से जुड़े विषयों पर भी विचारों का आदान-प्रदान होगा। विदेश मंत्री की यह यात्रा अफ्रीकी देशों के साथ भारत की साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। यह ग्लोबल साउथ के देशों के साथ भारत की एकजुटता और सहयोग को मजबूत करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

पुलिस ने ड्रग्स तस्करों पर कसी नकेल

4000 से ज्यादा ड्रग तस्कर गिरफ्तार 138 करोड़ रुपये की संपत्तियां जब्त

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर में ड्रग्स की समस्या के खिलाफ बड़े अभियान के बीच, जम्मू-कश्मीर पुलिस देश की अग्रणी फोर्स बनकर उभरी है। जम्मू-कश्मीर के डीजीपी नलिन प्रभात ने बताया कि गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के कड़े प्रावधानों का इस्तेमाल करते हुए, पुलिस ने ड्रग तस्करी में शामिल लोगों और सक्रिय या फरार आतंकवादियों के नाम पर दर्ज कई अचल संपत्तियों को जब्त किया है और उन्हें आतंकवाद के जरिए हासिल की गई संपत्ति घोषित किया है।पुलिस ने 138 करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत की 288 संपत्तियां जब्त की हैं। साथ ही 80


डीजीपी नलिन प्रभात

लाख से ज्यादा नकद भी जब्त किया गया है। ऐसी जब्ती के मामले में जम्मू-कश्मीर देश में पहले स्थान पर है। पिछले छह महीनों में जम्मू-कश्मीर पुलिस ने अब तक 3,257 मामले दर्ज किए हैं, जिनमें से 2,500 से ज्यादा मामलों का निपटारा किया जा चुका है। 4,000 से ज्यादा लोगों को गिरफ़्तार किया गया है और 170 लोगों को दोषी ठहराया गया है।

फ्रांस में शिक्षकों की कमी को लेकर आंदोलन हुआ हिंसक

धमाके में 15 साल के छात्र का हाथ उड़ा, पाँच हजार गिरफ्तार, 87 फीसदी गिरफ्तार नाबालिग

एजेंसी ▶▶ पेरिस



फ्रांस में शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर छात्र सड़कों पर उतर गए हैं। सितंबर में शुरू हुआ यह आंदोलन अब पूरे देश में फैल गया है। छात्र स्कूलों में बढ़ती भीड़, जर्जर इमारतों और शिक्षकों की कमी का विरोध कर रहे हैं। पिछले एक हफ्ते में छात्रों ने सैकड़ों स्कूलों को बंद कराया। आंदोलन के दौरान कई जगह छात्रों और पुलिस के बीच झड़प भी हुई। लेंस शहर में एक स्कूल के पास हुए धमाके में 15 साल के एक छात्र का हाथ उड़ गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। इससे पहले पिछले हफ्ते 14 साल के ईडन नाम के छात्र के सिर पर आंसू गैस का गोला लगने की खबर सामने आई थी। उसके जबड़े में दो जगह फ्रैक्चर हुआ था और उसे बड़ी सर्जरी करानी पड़ी। प्रदर्शन के दौरान कम से कम 190 छात्र घायल हुए हैं, जबकि 5,060 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें 87% नाबालिग हैं। छात्रों के समर्थन में देशभर में प्रदर्शन की तैयारी है। प्रमुख छात्र संगठन यूनियन सिंडिकेल लिसेन ने लोगों से इसमें शामिल होने की अपील की है। शिक्षकों के संगठनों ने भी अपने सदस्यों से प्रदर्शन में शामिल होने को कहा है। छात्रों का कहना है कि स्कूलों में छात्रों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन उनके मुकाबले कक्षाएं, शिक्षक और दूसरी सुविधाएं नहीं बढ़ाई गई हैं। फ्रांस के प्रधानमंत्री सेबास्तियन लेकोर्नू ने छात्रों और शिक्षा कर्मचारियों की समस्याओं को दूर करने के लिए कुछ कदमों की घोषणा की है। उन्होंने स्कूलों में बदलाव लाने का वादा किया है। हालांकि, हिंसा को लेकर उन्होंने साफ कहा है कि सरकार नरमी नहीं बरतेगी। प्रदर्शन के दौरान कई जगह स्कूलों की नाकेबंदी की गई और कूड़ेदानों में आग लगाई गई।

मॉस्को फॉर्मेट बैठक में भारत की दो टूक

अफगानिस्तान की संप्रभुता, एकता और क्षेत्रीय अखंडता का किया पुरजोर समर्थन

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

भारत ने अफगानिस्तान की संप्रभुता, एकता और क्षेत्रीय अखंडता के प्रति अपना समर्थन दोहराया है। साथ ही, अफगानिस्तान के लोगों के कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी व्यक्त की है। भारत ने यह बात रूस की मेजबानी में मॉस्को में आयोजित अफगानिस्तान पर आठवें मॉस्को फॉर्मेट परामर्श में कही। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रूस में भारत के राजदूत विनय कुमार और संयुक्त सचिव डॉ. एम. सुरेश कुमार ने किया। बैठक में रूस, भारत, ईरान, कजाखस्तान, चीन, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान के



प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। अफगानिस्तान का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी ने किया। बेलारूस और मिस्र ने अतिथि के रूप में भाग लिया। रूस के अनुसार, प्रतिभागियों ने काबुल के साथ समानता और पारस्परिक लाभ के आधार पर सहयोग बढ़ाने तथा अफगानिस्तान को वैश्विक अर्थव्यवस्था में एकीकृत करने की दिशा में समर्थन देने की जरूरत दोहराई।

पैराट्रूपर ने समुद्र तल से 16,000 फीट की ऊंचाई से छलांग लगाई

अधिक ऊंचाई वाले उन्नत पैराशूट का पहला जंप परीक्षण सफल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने अधिक ऊंचाई वाले ड्रॉप जोन में से एक, पूर्वी लद्दाख स्थित न्योमा (मुध) ड्रॉप जोन में एडवांस्ड हाई-एल्टीट्यूड पैराशूट का पहला लाइव जंप परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया है। इस परीक्षण के दौरान पैराट्रूपर ने समुद्र तल से 16,000 फीट की ऊंचाई से छलांग लगाई, पैराशूट 15,500 फीट की ऊंचाई पर खुला और लगभग 13,700 फीट की ऊंचाई पर स्थित न्योमा मुध ड्रॉप जोन पर सुरक्षित लैंडिंग हुई। इस छलांग ने अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में एडवांस्ड हाई-एल्टीट्यूड पैराशूट की प्रभावशीलता और सामरिक उपयोगिता सिद्ध की।


अधिक ऊंचाई से पैराशूट की सफल लैंडिंग

18000 फीट की ऊंचाई तक जाने में सक्षम

एडवांस्ड हाई-एल्टीट्यूड पैराशूट विभिन्न तैनाती विकल्प प्रदान करता है। इसकी परिचालन ऊंचाई सीमा 18000 फीट तक विस्तृत है और इसकी उतरने की दर सबसे सुरक्षित है, जो विशेष रूप से भारतीय रक्षा बलों की अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों की सामरिक आवश्यकताओं के लिए उपयुक्त है। इतनी अधिक ऊंचाई पर स्थिर लाइन पैराशूट से कूदना जटिल और स्वाभाविक रूप से जोखिम भरा होता है, क्योंकि खुलने पर बहुत तेज झटका लगता है और उतरने की दर भी बहुत अधिक होती है।

सैन्य अभियानों के लिए बेहद अहम

आगरा स्थित एरियल डिलीवरी रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टैब्लिशमेंट द्वारा डिजाइन और विकसित एडवांस्ड हाई-एल्टीट्यूड पैराशूट बड़ी संख्या में पैराट्रूपर्स ड्रॉप के लिए स्टैटिक लाइन पैराशूट सिस्टम है। इस तकनीक में पैराशूट विमान से जुड़ी एक स्थिर रस्सी - स्टैटिक लाइन - के माध्यम से स्वचालित रूप से तुरंत खुल जाता है। यह प्रणाली मुख्य रूप से सैन्य अभियानों और पैराट्रूपर्स द्वारा सामूहिक युद्धक छलांगों के लिए उपयोग की जाती है। इस प्रणाली का निर्माण कानपुर की ऑर्डनेंस पैराशूट फैक्ट्री ने किया है। रक्षा उत्पादन विभाग के गुणवत्ता आश्वासन महानिदेशालय द्वारा इसका निरीक्षण तथा सैन्य विमानन योग्यता एवं प्रमाणन केंद्र, क्षेत्रीय सैन्य उड़नयोग्यता केंद्र कानपुर द्वारा प्रमाणन किया गया है।

स्वदेशी हाई-एल्टीट्यूड प्लेटफॉर्म फ्लाइट का सफल परीक्षण

डीआरडीओ ने स्वदेशी हाई-एल्टीट्यूड प्लेटफॉर्म फ्लाइट का सफल परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह परीक्षण वायु



सेना, सैन्य विमानयोग्यता और प्रमाणन केंद्र', नागर विमानन महानिदेशालय, भारतीय एयरपोर्ट प्राधिकरण और अन्य नागरिक प्राधिकरणों के साथ मिलकर किया गया। मंत्रालय ने बताया कि समुद्र तल से 21 किलोमीटर की ऊंचाई तक पहुंचने के बाद, फ्लाइट ने 30 मिनट से अधिक तक 20 किलोमीटर की ऊंचाई बनाए रखी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस सफल परीक्षण पर टीम को बधाई दी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28